सुविचार

माया मरी न मन मरा, मर मर गये शरीर। आशा तृष्णा ना मरी, कह गये दास कबीर?

" कबीर "

दैनिक

# रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष - 09 ■ अंक - 337 ■ मंडला, शुक्रवार 13 मार्च 2026 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रूपये ■ विक्रम संवत् 2082 शक 1935 ■ www.revanchaltimes.com RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877

# गैस की किल्लत : 900 वाला 1800 में मिल रहा



## कॉमर्शियल सिलेंडर के 4 हजार वसूले जा रहे; इंडक्शन की डिमांड 50% बढ़ी

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में छढञ्ककी किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लम्बी लाइनें हैं। सिलेंडर की कालाबाजारी भी हो रही है। बिहार के कई शहरों में 1000 रुपए वाले घरेलू सिलेंडर के लिए ?1800 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। वहीं मध्य प्रदेश में 1900 का कॉमर्शियल सिलेंडर ?4000 में बिक रहा है। उधर, कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स ने इंडक्शन पर खाना बनाना शुरू कर दिया है। इससे बाजार इंडक्शन की डिमांड भी बढ़ गई है। जयपुर के जयंती बाजार, एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि जयपुर में 2500 से 3000 इंडक्शन बिकते थे। ये अब 4-5 हजार तक बिक रहे हैं।

**मध्य प्रदेश: ब्लैक में कॉर्मिशयल सिलेंडर 4000 में बिक रहा :** अभी मध्य प्रदेश में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1,918 रुपए है, लेकिन भास्कर इस्वेस्टिगेशन में सामने आया कि भोपाल के बरखेड़ा पठानी में गैस एजेंसी पर खुलेआम 4 हजार में बेचा जा रहा है।सरकार ने कालाबाजारी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम को लागू किया है लेकिन कालाबाजारियों पर इसका असर नहीं पड़ा है।





**बिहार: ब्लैक में 1800 रुपए में मिल रहा घरेलू गैस सिलेंडर :** गैस सिलेंडर की किल्लत होने से इसकी कालाबाजारी बढ़ गई है। 918 रुपए का गैस सिलेंडर ब्लैक में 1700 से 1800 रुपए तक बेचा जा रहा है। वहीं कॉमर्शियल गैस सिलेंडर जिसकी सामान्य कीमत 1910 रुपए है, ब्लैक में इसके 5000 रुपए तक वसूले जा रहे हैं।

**उत्तर प्रदेश: ब्लैक में 1600 रुपए देने पर तुरंत मिल रहा सिलेंडर :** देश में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के बीच इसके दाम भी आसमान छू रहे हैं। लखनऊ में दिन-दिनभर लाइन में खड़े रहने पर भी लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। लोगों का दावा है कि इन सबके बावजूद 950 रुपए वाला सिलेंडर 1600 रुपए देने पर तुरंत मिल रहा है। कॉमर्शियल सिलेंडर भी 3500 रुपए में आसानी से उपलब्ध है।

**पंजाब: लोग सिलेंडर लेकर लाइनों में खड़े, फिर भी गैस नहीं मिल रही :** पंजाब में कॉमर्शियल सिलेंडर मिलने बंद हो गए हैं, जबकि घरेलू सिलेंडरों के लिए भी बुकिंग में समस्या आ रही है। जंग से पहले जहां घरेलू सिलेंडर घरों में डिलीवर होता था, अब हालात ये हैं कि लोग एजेंसियों के सामने सिलेंडर लेकर लाइनों में खड़े हैं। फिर भी उन्हें गैस नहीं मिल रही। जालंधर में लोग कॉमर्शियल सिलेंडर को ब्लैक में खरीदने को मजबूर हैं। यहां जो सिलेंडर पहले 1600 रुपए में मिलता था, वह अब 3500 रुपए का मिल रहा है। जबकि, सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारी बता रहे हैं कि छढञ्ककी कोई समस्या नहीं है। उनके पास गैस का भरपूर भंडारण है।

**राजस्थान: मेस और हॉस्टलों में खाना सप्लाई करना मुश्किल हो रहा :** गैस की सप्लाई प्रभावित होने के कारण कॉमर्शियल और घरेलू उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। सरकार ने फूड डिपार्टमेंट के अधिकारी-कर्मचारियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी हैं। कालाबाजारी रोकने के लिए टीमें छापेमारी कर रही हैं। कोटा में गैस सिलेंडर की कमी के चलते लकड़ी और कोयले की भट्?ठी की मांग बढ़ गई है। मेस और हॉस्टलों के लिए 35 से 40 किलो वजन की भट्टियां बनाई जा रही हैं, लेकिन बढ़ती मांग के कारण सप्लाई करना मुश्किल हो रहा है।

**उत्तराखंड: होटल-ढाबों के मेन्यू से 70% फूड आइटम गायब :** देहरादून और हल्द्वानी में व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और ठेला संचालकों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। सिलेंडर की कमी के कारण कई प्रतिष्ठानों ने अपने मेन्यू से करीब 70% फूड आइटम हटा दिए हैं, जबकि कई लोग वैकल्पिक इंतजाम में जुट गए हैं। घरेलू सिलेंडरों की डिलीवरी पहले जो 1-2 दिन में हो जाती थी, अब एक हफ्ते तक इंतजार करना पड़ रहा है। हिसार, सोनीपत, फतेहाबाद, हांसी, पानीपत, कैथल, रेवाड़ी और फरीदाबाद में गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें लगी हैं।

**तिरुपति मंदिर में गैस की सप्लाई जारी, रोजाना 4 लाख लड्डू बनते हैं :** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने बताया कि मंदिर के 'लड्डू' और अन्नदानम किचन में कुकिंग गैस की सप्लाई में कोई रुकावट नहीं आई है। तिरुमाला के विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का कामकाज देखता है। तिरुमाला में हर दिन औसतन करीब 4 लाख लड्डू तैयार किए जाते हैं। त्योहारों के दौरान यह संख्या बढ़कर 10 लाख तक पहुंच जाती है।

## संसद के बाहर नारेबाजी- नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब

### एलपीजी संकट पर पेट्रोलियम मंत्री जवाब देंगे; राहुल ने कहा था-बड़ी समस्या आने वाली है



नई दिल्ली। लोकसभा में गुरुवार को विपक्ष के सांसदों ने देश में सिलेंडर संकट के मुद्दे पर हंगामा किया। सांसदों ने संसद के बाहर 'नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब' के नारे लगाए। राहुल गांधी ने सरकार से छढञ्ककी कमी से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने एनर्जी सिक्योरिटी से समझौता किया, इसलिए बड़ी समस्या आने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल गांधी के नोटिस के बाद संसद गैस संकट पर चर्चा के लिए तैयार हो गई है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी आज संसद में इसपर जवाब देंगे। बहस की शुरूआत राहुल गांधी करेंगे। इससे पहले लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला 10 फरवरी के बाद अध्यक्ष की चेयर पर बैठे। विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव बुधवार को खारिज हो गया।

राहुल गांधी ने कहा- प्रधानमंत्री कहते हैं कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन वह खुद घबराए हुए लग रहे हैं, बिल्कुल अलग वजहों से। वे एप्स्टीन अदाणी केस की वजह से पैनिक हैं। आपने कल देखा कि सदन के अंदर प्रधानमंत्री की कुर्सी खाली थी। वह देश से कह रहे हैं कि घबराएं नहीं, जबकि वह खुद परेशान लग रहे हैं। उधर, राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला पर हमले का मुद्दा उठाया।

## बसरा के पास अमरीकी तेल टैंकर एमटी सेफसी विष्णु पर हमला; एक भारतीय नाविक की मौत

मुंबई। इराक के बंदरगाह खोर अल जुबैर पर अमरीकी तेल टैंकर एमटी सेफसी विष्णु पर चल रही शिप-टू-शिप कार्गो लोडिंग ऑपरेशन के हुए हमले में एक भारतीय नाविक की मौत हो गई और 15 अन्य सुरक्षित हैं। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन नौवहन महानिदेशालय, मुंबई की गुरूवार को जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि यह घटना 11 मार्च को रात में हुई। यह तेल टैंकर इराक के बसरा के पास था और भारतीय समयानुसार रात ढाई बजे इस टैंकर को निशाना बनाया गया। मार्शल आइलैंड्स के ध्वज वाला यह टैंकर, लगभग 48,000 टन नैफ्था ले जा रहा था। उस पर एक अज्ञात वस्तु से हमला किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विस्फोटकों से लदी एक सफेद रंग की मानवरहित स्पीडबोट जहाज के दाहिने हिस्से से टकराई, जिससे जहाज पर भीषण आग लग गई। हादसे के बाद सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चालक दल के सभी सदस्य जहाज छोड़कर पानी में कूद गए। उन्हें पास ही काम कर रहे लोगों ने बचाया। इराकी कोस्ट गार्ड ने जहाज पर मौजूद सभी 28 चालक दल के सदस्यों (16 भारतीय और फिलीपींस के 12 नागरिक) को सुरक्षित निकालकर बसरा बंदरगाह पहुंचाया। हानिदेशालय के अनुसार इस हमले में एक भारतीय नाविक की मृत्यु हो गई है। बचाए गए 15 अन्य भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। बगदाद





## फारुक अब्दुल्ला बोले- ऊपर वाले ने बचाया

### हमलावर ने सिर पर कुछ इंच दूर से गोली चलाई थी, सुरक्षाकर्मी की वजह से बचे



श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात एक व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। हमलावर ने सिर पर कुछ इंच दूर से गोली चलाई थी। गनीमत रही कि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर का हाथ ऊपर कर दिया और उन्हें गोली नहीं लगी। अधिकारियों के मुताबिक फारूक जम्मू में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी थे। फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा, मुझे ऊपर वाले ने बचाया है। शादी से निकलते समय मैंने कुछ आवाज सुनी, मुझे लगा कि यह पटाखा है। बाद में मुझे बताया गया कि एक आदमी ने पिस्तौल से दो गोलियां चलाईं। सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव किया, जिससे हथियार ऊपर की ओर हो गया और नुकसान होने से बच गया। वहीं, हमलावर कमल ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 20 सालों से फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था। हमलावर अभी पुलिस हिरासत में है और हमले के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में फायरिंग की घटना के बाद फारूक अब्दुल्ला से फोन पर बात की और उनका हालचाल पूछा। **हमलावर बोला- किसी के कहने पर गोली नहीं चलाई :** फारूक अब्दुल्ला की हत्या की कोशिश करने वाले आरोपी कमल सिंह जामवाल को जम्मू पुलिस मेडिकल जांच के लिए ले गई। पुलिस के साथ ले जाते समय जामवाल ने कहा- मैंने किसी के कहने पर गोली नहीं चलाई। मैंने अपनी मर्जी से गोली चलाई है। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि 70 साल के हमलावर कमल सिंह जामवाल ने पीछे से आकर फारूक के सिर पर रिवॉल्वर तान दी।

## रूस के शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट, आठ किमी ऊंचाई तक उठा राख का गुब्बार

व्लादिवोस्तोक। रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद आसमान में आठ किलोमीटर की ऊंचाई तक धुएं और राख का गुब्बार फैल गया। कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रूसी विज्ञान अकादमी के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान की टीम ने गुरुवार को बताया, ह्लज्वालामुखी में विस्फोट के साथ-साथ उत्सर्जन गैस और भाप भी निकला। विस्फोटों के कारण राख समुद्र तल से 08 किलोमीटर ऊपर तक पहुंच गई और राख का यह बादल ज्वालामुखी से 10 किलोमीटर पूर्व की ओर बढ़ गया। यह विस्फोट करीब 15 मिनट तक चला। राख का यह गुबार पूर्व की ओर अमेरिका के अलेउतियन द्वीपों की दिशा में बढ़ रहा है। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात के लिए संभावित जोखिमों को देखते हुए विमानन सेवाओं के लिए ह्यऑरेंजह्न एलर्ट जारी किया गया है। शिवेलुच ज्वालामुखी की ऊंचाई 3,283 मीटर है। यह कामचटका के सबसे बड़े शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 440 किलोमीटर और 4,500 की आबादी वाले क्लयुची कस्बे से 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

## हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी

### मनाली में बारिश, अगले 6 दिन बरसेंगे बादल, आज 5 जिलों में आंधी-तूफान की चेतावनी





शिमला। हिमाचल प्रदेश के ट्राइबल जिला लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर आज सुबह के वक्त ताजा हिमपात हुआ। अटल टनल रोहतांग समेत शिंकुला दर्रा, रोहतांग पास, कोकसर और लाहौल घाटी में बर्फ के फाहे गिरे। इससे ऊंचे क्षेत्रों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मनाली समेत कुल्लू की सैंज वेली में भी दोपहर 12 बजे के बाद हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने ताजा बुलेटिन जारी कर दोपहर बाद 3 बजे तक लाहौल स्पीति के ऊंचे क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी का यलो अलर्ट जारी किया है। मंडी, कांगड़ा, चंबा व किन्नौर की ऊंची चोटियों पर भी हल्का हिमपात और हमीरपुर व ऊना में हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। शिमला समेत प्रदेश के ज्यादातर भागों में भी आज सुबह से ही मौसम खराब बना हुआ। आईएमडी की मानें तो राज्य में अगले छह दिन तक बारिश और बर्फबारी के आसार है। आज भी पांच जिले चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में आंधी व तूफान का यलो अलर्ट जारी कर रखा है। इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तूफान चल सकता है।

## मोदी जी, बहुत हुई मन की बात, संसद में आकर करिए मुद्दे की बात : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कूटनीतिक रूप से विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश रसोई गैस की कमी के संकट से जूझ रहा है और पीएम मोदी अपनी सरकार की इस विफलता पर ध्यान देने की बजाय चुनावी दौरों में व्यस्त हैं। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा, ह्लजब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है तो प्रधानमंत्री मोदी जी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं।ह्व उन्होंने कहा कि देशभर में एलपीजी की भारी कमी है और लोग कतारों में खड़े हैं। कितने सारे छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का खामियाजा भुगतने पर मजबूर हैं। पर सरकार के पास केवल झूठे दावे के अलावा कोई जवाब नहीं। खड़गे ने एलपीजी संकट को सरकार की कूटनीतिक विफलता बताया और कहा ह्लकूटनीति की विफलताह्व गंभीर मुद्दा है और ऊर्जा प्रबंधन की नाकामी का नतीजा आज देश की 140 करोड़ जनता भुगत रही है। उन्होंने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए लिखा ह्लनरेन्द्र मोदी जी, बहुत हुई ह्यमन की बातह्न जरा संसद में आकर करिए मुद्दे की बात।





## सुरक्षा परिषद में खाड़ी देशों पर ईरानी हमले के विरोध में प्रस्ताव पारित, भारत ने भी किया समर्थन



न्यूयॉर्क। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 130 से अधिक देशों के साथ बुधवार को उस प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें खाड़ी देशों और जॉर्डन के खिलाफ ईरान के हालिया भीषण हमलों की निंदा की गई है। यह प्रस्ताव ईरान के हमलों की भर्त्सना करता है और शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आान करता है। इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिवहन को अवरुद्ध करने, बाधित करने या हस्तक्षेप करने की ईरान की किसी भी कार्रवाई या धमकी की कड़ी निंदा की गई है। इसके साथ ही ईरान द्वारा बाब-अल-मंदेब में समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कदम की भी निंदा की गई है। सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किए गए इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। किसी भी देश ने इसके खिलाफ मतदान नहीं किया, जबकि चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। इस प्रस्ताव का भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमरीका सहित 130 से अधिक देशों ने सह-प्रायोजन किया।

कुल 135 सह-प्रायोजकों के साथ, प्रस्ताव ने बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए मजबूत समर्थन दोहराया। इसमें इन देशों के क्षेत्रों के खिलाफ ईरान द्वारा किए गए हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की गई और कहा गया कि ऐसी कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। प्रस्ताव में ईरान से पड़ोसी देशों के प्रति किसी भी उकसावे या धमकियों को तत्काल और बिना शर्त रोकने की मांग की गई है। अमरीका के प्रतिनिधि ने कहा कि ईरान सभी दिशाओं में हमले करता है। वहीं, डेनमार्क के प्रतिनिधि ने कहा कि इस महत्वपूर्ण क्षण में क्षेत्र की आवाजों को सुनना अनिवार्य है। प्रस्ताव में यह भी दोहराया गया कि व्यापारिक और वाणिज्यिक जहाजों को अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार अपने नौवहन अधिकारों और स्वतंत्रता का प्रयोग पूर्ण अधिकार होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अमरीकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि यह प्रस्ताव ईरानी शासन की क्रूरता की स्पष्ट निंदा है। वॉल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम ने राजनयिक बातचीत के हर प्रयास को आजमा लिया था।

मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

### कलेक्टर सिंह ने एलपीजी की आपूर्ति एवं विपणन व्यवस्था के संबंध में की बैठक

# जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है : कलेक्टर सिंह

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आज दो सत्रों में एलपीजी की आपूर्ति एवं विपणन व्यवस्था के संबंध में बैठक की। उन्होंने प्रथम सत्र में चिकित्सा, शिक्षा, रेलवे व रक्षा संस्थान आदि के प्रतिनिधियों से उनके घरेलू गैस सिलेंडर की आवश्यकता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान तेल विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों से पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस की उपलब्धता की जानकारी भी ली गई। जिसमें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड व भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने पर्याप्त स्टॉक एवं आपूर्ति की जानकारी दी गई। कलेक्टर सिंह ने एलपीजी गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर घरेलू गैस उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। इस दौरान बताया गया कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। एलपीजी की आपूर्ति मुख्य रूप से घरेलू उपयोग के लिए ही सुरक्षित रखी जाएगी। नई व्यवस्था के तहत घरेलू गैस सिलेंडर की रिफिल बुकिंग अब पिछली डिलीवरी के 25 दिन बीत जाने के बाद ही स्वीकार की जाएगी। इस कदम का मुख्य उद्देश्य जिले में गैस की कालाबाजारी और अनावश्यक अफरा-तफरी को रोकना है ताकि प्रत्येक परिवार को सुचारू रूप से गैस सिलेंडर मिल सके। दूसरे सत्र में वाणिज्यिक उपभोक्ताओं व गैस ऐजेंसी संचालको की बैठक कर कहा कि पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। लेकिन वर्तमान नई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये जिले में अनिवार्य सेवाओं को छोड़कर अन्य किसी भी व्यावसायिक इकाई जैसे होटल, मॉल या औद्योगिक क्षेत्रों को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति फिलहाल नहीं की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने ऑयल कंपनी व गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि वे गैस की बचत करने के तरीको के बारे में प्रचार-प्रसार करें और वैकल्पिक उपायों के बारे में भी जानकारी दें। बैठक में गैस ऐजेंसी संचालकों को भी नई व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही खाद्य विभाग,ऑयल कंपनी के अधिकारी, एलपीजी वितरकों से कहा गया कि जिले में एलपीजी की आपूर्ति एवं विपणन केवल घरेलू उपभोक्ताओं को किया जाये। कलेक्टर सिंह ने बड़े वाणिज्यिक उपभोक्ताओं से उनके पास उपलब्ध स्टॉक का विवेकपूर्ण उपयोग करने एवं उनकी ईंधन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये वैकल्पिक ईंधन स्त्रोतों का उपयोग करने के लिये कहा।



## सेंट अलॉयसियस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** सेंट अलॉयसियस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गौर, महाविद्यालय जबलपुर में शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय - भावनात्मक बुद्धिमत्ता (इमोशनल इंटेलिजेंस) रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ, उपस्थित अतिथि श्री अविरल नामदेव (डायरेक्टर ऑफ ए- वन अकादमी, जबलपुर (म.प्र.) का स्वागत कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भावनात्मक बुद्धिमत्ता के महत्व और उसके विकास के तरीके के बारे में जागरूक करना रहा। विद्यार्थियों को एक अच्छे शिक्षक बनने के गुण सिखाए गए। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के निदेशक फादर तंकच्चन जोस एवं प्राचार्य डॉ. रेणु पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। व्याख्यान के उपरांत विद्यार्थियों ने प्रश्नों के उत्तर पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रजनी यादव (विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग) के मार्गदर्शन में सुश्री दीपशिखा कुंडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव श्रीमती वर्षा वर्मा द्वारा प्रस्तुत कर सफलतापूर्वक समापन किया गया।



## द्वितीय चरण के बाद शेष रह गईं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों का तीसरे चरण में ई-टेंडर से निष्पादन 14 को

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर जिले में संचालित कम्पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों का वित्त वर्ष 2026-27 के लिये ई-टेंडर कम ऑक्शन से निष्पादन की प्रक्रिया के अंतर्गत दूसरे चरण के बाद शेष रह गईं 116 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का निर्धारित आरक्षित मूल्य पर निष्पादन तीसरे चरण में 14 मार्च को कलेक्टर कार्यालय में किया जायेगा। सहायक आयुक्त आबकारी आयुक्त के अनुसार जिले में संचालित 143 कम्पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री दुकानों का वित्त वर्ष 2026-27 के लिये ई-टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से उनकी भौगोलिक निरंतरता के आधार पर प्रथमतः 36 समूहों में विभक्त किया गया था। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के बाद शेष रह गईं 116 कम्पोजिट मदिरा दुकाने को तीसरे चरण में ई-टेंडर कम ऑक्शन से निष्पादन के लिये 15 समूहों में पुनर्गठित किया गया है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि तीसरे चरण में कम्पोजिट मदिरा दुकानों का ई-टेंडर कम ऑक्शन से निष्पादन के लिये 12 मार्च की सुबह 1बजे से 14 मार्च की शाम 4 बजे तक ई-टेण्डर हेतु ऑनलाइन टेण्डर डाउनलोड एवं ई-टेण्डर ऑफर सबमिट किये जा सकेंगे। ई-टेण्डर हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र 14 मार्च की शाम 4.05 बजे से खोले जायेगें। ई-टेंडर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने का समय 14 मार्च की शाम 5.30 बजे से शाम 6.50 बजे तक निर्धारित किया गया है। पन्द्रह मिनट के अंतराल में बोली दिये जाने पर आगामी पन्द्रह मिनट के लिये समयावधि में वृद्धि की जा सकेगी। ई-टेंडर संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 14 मार्च की शाम 6 बजे खोले जायेंगे। जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से कम्पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों का निराकरण टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक किया जायेगा। सहायक आबकारी आयुक्त के मुताबिक ई-टेण्डर के माध्यम से कम्पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री दुकानों के निष्पादन की शर्तो, धरोहर राशि, नियम एवं प्रक्रिया तथा दुकानों के आरक्षित मूल्य आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी कलेक्ट्रेट स्थित सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## राादुविवि कर्मचारी संघ का चुनाव 25 मार्च को

### कल से जारी होंगें नामांकन फार्म

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** विगत दिवस कुलगुरू कार्यालय में हुए हंगामे के बाद कर्मचारियों द्वारा जमकर विरोध प्रदर्षन का असर आज दिखाई दिया, जब कुलगुरू द्वारा चुनाव कार्यक्रम संबंधी अधिसूचना जारी करने की अनुमति प्रदान कर दी गई, जिसके बाद चुनाव अधिकारी प्रो॰ राकेष बाजपेई द्वारा चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया। जारी कार्यक्रम के अनुसार कल दिनांक 13 से 16 मार्च तक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव हेतु नामांकन फॉर्म स्थापना शाखा जारी किये जायेंगे, जिन्हें 17 मार्च तक जमा करना होगा। नाम वापसी की अंतिम तिथि 18 मार्च निर्धारित की गई है, जिसके बाद प्रत्याषियों की घोषणा की जायेगी। चुनाव 25 मार्च को प्रातः 9 बजे से अपरांह 1 बजे तक विष्वविद्यालय के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में होगा और उसी दिन 1:30 बजे से मतगणना की जायेगी, जिसके बाद विजयी प्रत्याषियों की घोषणा की जायेगी।

### पूर्व अध्यक्ष को नोटिस देने से कर्मचारी आक्रोशित

विष्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2025 की कार्यकारिणी का कार्यकाल विगत 03 मार्च को समाप्त हो गया था। कर्मचारियों का एक वर्ग चुनाव नहीं चाह रहा था, और ऐन-केन प्रकारेण चुनाव कार्यक्रम जारी किये जाने में लगातार टाल-मटोल की जा रही थी, जिसके चलते कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाष पुरोहित के साथ बंषबहोर पटेल, राजेन्द्र शुक्ला, बीरेन्द्र तिवारी एवं अन्य नेता फाईल करवाने गये। कर्मचारी नेताओं ने कुलगुरू से चुनाव की फाईल में टालमटोल पर आपत्ति दर्ज की तो कुलगुरू भड़क गये और कार्यालय छोड़कर चले गये बाद में पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाष पुरोहित पर अमर्यादित तरीके से बहस करने का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। जिस पर कर्मचारियों में भारी आक्रोष व्याप्त है। महासचिव राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र की बहाली के लिये बात करने गये वरिष्ठ कर्मचारी नेता को नोटिस देना किसी दृष्टि से उचित नहीं है। शुक्रवार को इस मुद्दे पर कर्मचारी मुख्य प्रषासनिक भवन के सामने द्वारसभा करेंगें और उसमें पारित निर्णय अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## केंट विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो की हुई विस्तृत समीक्षा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** केंट विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों के लिए आने वाले दिन सुखद और सुविधाओं से भरपूर होने वाले हैं। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने विस्तृत समीक्षा के दौरान बताया कि विधानसभा क्षेत्र में गर्मी के मौसम में जल संकट को रोकना और आगामी मानसून के दौरान जलप्लावन की समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है, जो प्रगति पर है।



### गर्मी में नहीं होगा जल संकट हर घर जल का संकल्प

समीक्षा बैठक के दौरान विधायक रोहाणी ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में किसी भी नागरिक को पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पाइप लाइन के विस्तार और मरम्मत का कार्य समय सीमा में पूरा हो। जरूरत पड़ने पर टैंकरों और वैकल्पिक स्त्रोतों की व्यवस्था अभी से सुनिश्चित की जाए। क्षेत्र के सभी नलकूपों और जल भंडारण प्रणालियों की स्थिति दुरुस्त रखी जाए।

### सड़कों और नालियों का कायाकल्प

विधायक श्री रोहाणी ने क्षेत्र में सड़कों के जाल और नाला-नालियों के निर्माण कार्यों पर भी गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि ह्लविकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सड़क निर्माण खराब सड़कों के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ नई सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जलप्लावन की पुरानी समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए नालियों की सफाई और बड़े नालों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि मानसून में जलभराव न हो। बैठक में निगमाध्यक्ष रिंकू विज, केंट विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्ड पार्षद, क्षेत्रीय नागरिकों के अलावा निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### ग्रीष्म काल में पेयजल और जल-जनित बीमारियों के उपचार के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जिला प्रशासन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्म काल में पेयजल समस्या और जल-जनित बीमारियों के त्वरित उपचार के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कार्यपालन यंत्री पीएचई ने कहा कि जिला स्तर पर स्थापित यह कंट्रोल रूम के फोन नंबर 0761-2344814 पर संपर्क कर सकते हैं, ताकि संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके।

## गुरु माता के नाम पर ऑनलाइन ठगीः इंस्टाग्राम रील से फंसी महिला, साइबर ठगों ने 1.67 लाख रुपये ऐंठे

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर में अंधविश्वास और सोशल मीडिया के खतरनाक मेल का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गुरु माता के नाम पर समस्याओं का समाधान कराने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक महिला से ऑनलाइन 1 लाख 67 हजार 300 रुपये की ठगी कर ली। मामले में मदनमहल थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मदनमहल थाना क्षेत्र की निवासी यामिनी नागरिया (32) ने शिकायत दर्ज कराई कि 7 जनवरी 2026 की रात करीब 10 बजे उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक रील देखी थी। इसी दौरान निशा दयाल नाम की एक महिला ने उनसे संपर्क किया और बातचीत शुरू की। आरोपी महिला ने पीड़िता को भरोसा दिलाया कि जयपुर में रहने वाली एक गुरु माता उनके घर और जीवन की सभी समस्याओं का समाधान कर सकती हैं। शुरूआत में पूजा-पाठ के नाम पर 2 हजार रुपये मांगे गए। इसके बाद अलग-अलग बहाने बनाकर लगातार पैसों की मांग की जाने लगी। पीड़िता को विश्वास में लेकर उससे कई बार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवाए गए। इस तरह धीरे-धीरे उससे कुल 1 लाख 67 हजार 300 रुपये की रकम ठग ली गई। जब महिला को ठगी का अहसास हुआ तो उसने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में मदनमहल थाना पुलिस के उप निरीक्षक और बस स्टैंड चौकी प्रभारी जगन्नाथ यादव ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साइबर ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को अंधविश्वास और झूठे दावों के जाल में फंसा रहे हैं। ऐसे मामलों में लोगों को सतर्क रहने और किसी भी अनजान व्यक्ति को ऑनलाइन पैसे भेजने से बचने की सलाह दी गई है। साइबर टीम अब आरोपियों के बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है।

## जॉय एजुकेशन सोसाइटी को वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने नगर निगम ने जारी किया नोटिस

### 13 मार्च तक आयुक्त कार्यालय में दस्तावेज जमा नहीं करने की स्थिति में की जायेगी एक पक्षीय कार्यवाही

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर की विकास प्रक्रिया और सरकारी संपत्तियों के सुव्यवस्थित प्रबंधन के तहत, नगर निगम ने जॉय एजुकेशन सोसाइटी को लीज पर दी गई भूमि के संबंध में दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की है। नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आवंटित भूमि का उपयोग तय की गई शैक्षणिक शर्तों के अनुसार ही हो रहा है। सोसाइटी को अपना पक्ष रखने और सभी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का उचित अवसर दिया गया है। नगर निगम के संपदा विभाग के अनुसार, यह एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है जहाँ समय-समय पर लीज शर्तों की समीक्षा की जाती है। सोसाइटी के पदाधिकारियों को 13 मार्च 2026 को आयुक्त कार्यालय में आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपने कार्यों और दस्तावेजी प्रमाणों के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर सकें। 13 मार्च तक यदि वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं तो नगर निगम द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

## नगर निगम की बड़ी कार्रवाई : 46 करोड़ के बकायेदारों की सूची सार्वजनिक, लोक अदालत में मौका वरना होगी वैधानिक कार्रवाई

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर के बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों को गति देने के लिए नगर निगम ने राजस्व वसूली अभियान के तहत एक सख्त रुख अपनाया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम ने शहर के ऐसे 25 बड़े बकायादारों की सूची सार्वजनिक कर दी है, जिनसे लगभग 46 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि वसूल की जानी है। जारी सूची में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के बड़े नाम शामिल हैं। जिसमें भारत संचार निगम लिमिटेड जबलपुर निमार्णी से राशि रुपए 13,19,46,691, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जबलपुर विकास प्रधिकरण जबलपुर/मुख्य कार्य पालन अधिकारी जबलपुर विकास प्रधिकरण जबलपुर स्कीम नं. 64 वसहा, दादा ठनठनपाल वार्ड क्रं.72, से 4,39,78,898, मण्डल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल ऑफिस 6 नं. प्लेटफार्म, डी.आर.एम. ऑफिस तक व्यवसायिक भवन, जवाहर लाल नेहरू वार्ड से 3,86,21,037, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जबलपुर विकास प्रधिकरण जबलपुर/मुख्य कार्य पालन अधिकारी जबलपुर विकास प्रधिकरण जबलपुर खसरा नं. 1/1 से 145/15 तक, स्कीम नं. 65 बसहा, दादा ठनठनपाल वार्ड से 2,42,09,880, मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल्वे, बजरंग कालोनी, आवासीय कालोनी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड से 2,27,44,687, महाकौशल शहीद स्मारक भवन ट्रस्ट 1104, गोल बाजार, भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड से 2,18,30,451, मण्डल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल, मण्डल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल, गोकुलदास धर्मशाला, सुभाषचन्द्र बेनर्जी वार्ड से 2,17,60,612, भारत संचार निगम लिमिटेड सी टी ओ कम्पाउंड 1349, 1,68,79,849, सेन्ट्रल रेल्वे माल गोदाम कछ्पुरा कमला नेहरू नगर वार्ड 1,55,24,317, कारबोरेन्डम यूनिवर्सल लि. सीमेन्ट फैक्ट्री .के. निवासन अधारताल, 1,35,73,281, ओ.के.फ्रूड प्रा. लि. प्रोपराईटर राजेश गुप्ता, औद्योगिक क्षेत्र रिछाई प्लाट नं. 86$87, से 1,11,06,337, सचिव कृषि उपज मंडी/सचिव 1, कृषि उपज मंडी, जयप्रकाश नारायण वार्ड ये 1,07,82,503, उदयपुर ब्रेवरेज प्रा.लि. प्रोपराईटर विकास मित्तल औद्योगिक क्षेत्र रिछाई 1,05,93,048, भारत सरकार दूरसंचार निगम अभियंता यातायात थाने के पास, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड 1,03,05,834, प्रीस्टेज क्रांकीट औद्योगिक पोल फैक्ट्री, पोल फैक्ट्री अधारताल, 1,02,72,633, मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर हाउबाग, जार्ज डिसिल्वा, 79,63,746, मण्डल रेल प्रबंधक मदन महल स्टेशन, नरसिंह वार्ड, 68,81,915, मण्डल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल/मण्डल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल 12, 52,38,156, भारत दूरसंचार निगम लिमिटेड आवासीय परिसर विकास नगर/भारत 1, योजना क्र-5 विकास नगर, महाराजा अग्रसेन वार्ड से 52,18,683, कमर्शियल इंजी एण्ड बॉडी बल्डर्स प्रा.लि. प्रोपराईटर कैलाश गुप्ता औद्योगिक क्षेत्र रिछाई प्लाट नं. 21$22 व 33$34, से 50,36,732 राशि वसूल किया जाना है। निगमायुक्त ने बताया है कि 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली लोक अदालत इन बकायादारों के लिए अंतिम अवसर है। यदि इस दिन तक बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो नगर निगम सख्त वैधानिक कार्यवाही करेगा।

## गैस संकट और महंगाई के खिलाफ युवा कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

### चूल्हे पर पकौड़े और चाय बनाकर केंद्र सरकार के खिलाफ जताया विरोध

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर में बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर गुरुवार को युवा कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। मालवीय चौक पर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सोनू कुकरेले और कपिल भोजक के नेतृत्व आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने चूल्हा जलाकर पकौड़े और चाय बनाते हुए केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और गैस संकट को लेकर जनता की परेशानियों को सामने रखा।



### महंगाई और गैस की किल्लत से परेशान है आम जनता

युवा कांग्रेस के निलेश जैन (नीटू) और अभ्युत बाजपेयी ने कहा कि देशभर में एलपीजी गैस की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं और कई जगहों पर गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी प्रभावित हो रही है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को हो रही है। रसोई गैस महंगी होने से घर का बजट बिगड़ रहा है और लोगों को मजबूरी में फिर से चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। अगर इसी तरह महंगाई बढ़ती रही और गैस सिलेंडर आम आदमी की पहुंच से बाहर होता गया, तो लोगों को फिर से पुराने तरीके अपनाने पड़ेंगे।

### ये रहे मौजूदा

इस अवसर पर शिशिर नन्होरिया, रिंकू बदलानी, नितिन सिंह, भानु यादव, राजा रैकवार, बदल पंजवानी, समीर गढ़वाल, शिशांत सिंह ठाकुर, आशुतोष दुबे, स्वर्णिम समैया, शादाब मंसूरी, शुभम बोहित, अंकुर गुप्ता, पंकज पटेल, देवकी पटेल, अभिषेक तिवारी, मोहिसन अंसारी, शुभम (भानु) अग्रवाल, सोनू सुंदरानी, शिवम यादव, पंकज भोजक, वरुण यादव, अतुल सोनी, आदेश चौबे, राघव तिवारी, आयुष (लाला) श्रीवास्तव, संजय अहिरवार, शईम सलमानी, जीशान खान, तौसीफ अंसारी, सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

V-eServices
CSC Service Provider
Vineet Sen 7724012477
Online Form: MP POLICE, MPPSC, UPSC, SSC, RAILWAY, BANK, COLLEGE, RTE SCHOOL, INDIAN ARMY, INDIAN NAVY, NDA, NEET
Document: जीएसटी, पासपोर्ट, ITR Returns, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, रोजगार पंजियन, उद्योग आधार, स्कॉलरशिप फार्म
E-CARD: WEDDING INVITATION, VIDEO, BANNER DESIGN, VISITING CARD, BIRTH DAY INVITATION, INAUGRATION, OTHER E-CARD
Quick Job Apply
सरकारी एवं प्रायवेट जॉब के नोटिफिकेशन पाने के लिए व्हाटसएप चैनल Quick Job Apply से जुड़ें। जहां आपको प्रतिदिन जॉब के नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।
जॉब नोटिफिकेशन और फार्म अप्लाई करने का सबसे विश्वसनीय प्लेटफार्म
व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे ही फार्म भरवायें और समय बचायें।

# नाजायज संबंध के कारण हुई हत्या, पुलिस ने अंधी हत्या का किया खुलासा, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** ग्राम पंचायत सरपंच दारसागर के द्वारा मोबाईल सूचना दिया कि ग्राम दारसागर में खेत के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव व मोटर सायकल पडा हुआ है, जिसकी तस्दीक हेतु थाना प्रभारी भालूमाडा उप निरी. विपुल शुक्ला अपने स्टाफ के साथ तत्काल रवाना होकर सूचना की तस्दीक की गई तो ग्राम दारसागर सिहराखार श्याम सुन्दर प्रजापति के खेत में कसई पेंड के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पडा हुआ था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किसी औजार से सिर में गंभीर चोंट पहुंचा कर उसकी हत्या कर दी गई थी। घटना स्थल पर दो नग मोबाईल था जिसमें फोन आ रहा था, तब थाना प्रभारी के द्वारा फोन उठाकर नाम पता पूछा गया तो फोन लगाने वाले ने अपना नाम अंकित नामदेव निवासी भालूमाडा का होना बताया तथा जिसके नम्बर पर फोन लगा रहा था, उसे अपना पिता शोभा नामदेव पिता छंग्गू नामदेव उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 दफाई नम्बर 3 भालूमाडा का होना बताया जिससे मृतक शोभा नामदेव के रुप में पहचांन की गई । मृतक का छोटा लडका अनुज नामदेव पिता शोभा नामदेव उम्र 18 वर्ष पता वार्ड नम्बर 11 दफाई नम्बर 3 भालूमाडा थाना भालूमाडा के रिपोर्ट पर मौके पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध 15/2026 धारा 103(1) बीएनएस का कायम कर विवेचना जा रही थी । हत्या जैसे गंभीर जाघन्य अपराध की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की पता तलास की जा रही थी, मृतक शोभा नामदेव के साथ रहने वाले लोगों से तथा जिन जिन लोगों के साथ उठना बैठना करता था, सभी लोगों से बारीकी से पूछताछ किया गया व आने जाने वाले रास्तों में लगे सीसीटीव्ही कैमरों को बारीकी देखा गया तथा साईबर सेल की की मदद से मोबाईल नम्बरों की टावर लोकेशन व सीडीआर के मदद से आरोपी प्रीतम केवट पिता ददन राम केवट उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम पोंडी भर्रा टोला थाना भालूमाडा एवं रोहित केवट पिता रामखेलावन केवट उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम चोंडी थाना भालूमाडा जिला अनूपपुर से बारीकी से पूछताछ किया गया, जिन्होने बताया कि मृतक शोभा नामदेव का आरोपी प्रीतम केवट के घर काफी समय से आना जाना था और उसके घर के महिलाओं के साथ नाजायज संबंध था, मना करने पर भी नही माना तो दोनो आरोपी मिल कर मृतक शोभा नामदेव को भरोसे में लेकर घटना स्थल ले जाकर लोहे के राड से सिर में गंभीर चोंट पहुंचा कर हत्या कर चले गये थे। घटना स्थल से आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त लोहे का राड तथा मोटर सायकल क्रमांक टढ 18 उ 9785 को जप्त कर गिरफ्तार किया गया है दोनो आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से जेल भेजा गया।

# सायबर ठगों ने किया फ्रॉड, 60 हजार रुपए पुलिस ने दिलाया वापस



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** साइबर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस के त्वरित प्रतिक्रिया की मानक प्रक्रिया निर्धारित की गई है जिसके अनुसार साइबर क्राइम की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित थाना में तत्काल सूचना दर्ज कर फ्रॉड के कारण गई धनराशि होल्ड कराने का प्रयास किया जाता है जिससे पीड़ित को कम से कम आर्थिक नुकसान हो। थाना बिजुरी पुलिस द्वारा साइबर धोखाधड़ी में फरियादी द्वारा सूचना देने पर संबंधित के खाते से गए पैसे को वापस कराने के लिए किए जाने वाले विधिक प्रयास तत्काल किए जाते है। नियती देवानी पिता संतोष कुमार देवानी निवासी बिजुरी द्वारा थाने मे शिकायत दर्ज करायी गयी कि अज्ञात साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन धोखाधडी करते हुए उनके बैंक खाते से 88825/- रुपये की राशि निकाल ली गई है। शिकायत प्राप्त होते ही थाना बिजुरी पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मामले को साइबर पोर्टल (1930) पर दर्ज किया गया तथा संबंधित बैंक/ वित्तीय संस्थान से समन्वय स्थापित कर संदिग्ध राशि के खाते को फ्रीज कराया गया।त्वरित कार्यवाही के परिणाम स्वरुप ठगी की राशि मे से लगभग 60,000/- रुपये की राशि को होल्ड कराया गया था जिसे पीडित को वापस दिलाने की प्रक्रिया की गई।जो न्यायालय के द्वारा होल्ड राशि पीड़ित को वापस दिए जाने के आदेश दिए गए हैं इस प्रकार बिजुरी पुलिस की सक्रियता के कारण पीड़ित को करीब 60000 रुपए वापस मिल रहे हैं ।

# नदी पर अतिक्रमण, उमरार और कथली नदी का सीमांकन का निर्देश




**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिले की लाइफ लाइन कहे जाने वाली उमरार नदी और चंदिया की कथली नदी पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर आज जिले के प्रभारी मंत्री बिफर पड़े, नगर के सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकताओं की बैठक और समीक्षा के बाद मीडिया ने उनसे सवाल किया जिसको सुनकर वह हैरान भी हुए और मौके पर कलेक्टर को सीमांकन कराने के निर्देश दिए, हालांकि मंत्री के निर्देश पर कब तक नदी की सीमा निर्धारित होती है यह कह पाना शायद संभव नहीं है। बता दें कि उमरार नदी कर्बला स्थान से लेकर घंघरी पुल तक का पाट पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में हैं, यहां कोई भी रसूखदार अपनी जगह बताकर लोगों को जमीन बेच देता है और फिर वहां आलीशान बिल्डिंग बनकर तैयार हो जाती है, ऐसा नहीं है कि इस मसले को मीडिया ने नहीं उठाया परंतु राजनैतिक संरक्षण और प्रशासन की उदासीनता के कारण कार्यवाही केवल देखने और पंचनामे तक ही सीमित रह जाती है। हाल ही में सांई कालोनी के पिछले हिस्से में सैकड़ों ट्रक मिट्टी उमरार नदी के एक किनारे को पाटकर उसमें प्लाटिंग करते हुए बेचा जा रहा है, बकायदा रजिस्ट्री भी कराई जा रही है और राजस्व सहित जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णीय निद्रा में सोया हुआ है। बहरहाल प्रभारी मंत्री के नदी का सीमांकन कराने वाले निर्देश धरातल पर होगें या फिर उनका आदेश भी हवा में उछाल दिया जायेगा, जो कि आने वाला समय ही बतायेगा।

# महिला मोबिलाइजर का पंचायत भवन में फांसी पर लटका हुआ मिला शव, पुलिस जांच में जुटी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के बुढार थाना क्षेत्र के चौकी केशवाही अंतर्गत ग्राम पंचायत बलबहरा में बुधवार को एक महिला मोबिलाइजर का शव पंचायत भवन के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बलबहरा के पंचायत भवन में कार्यरत मोबिलाइजर सुनैना कुशवाहा पति सुरेंद्र कुशवाहा बुधवार सुबह अपनी ड्यूटी के लिए पंचायत भवन पहुंची थीं। दोपहर में जब उनके पति सुरेंद्र कुशवाहा उन्हें लेने पंचायत भवन पहुंचे, तो दरवाजा अंदर से टिका हुआ था। संदेह होने पर जब वह अंदर पहुंचे तो देखा कि उनकी पत्नी का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ है। यह दृश्य देखते ही सुरेंद्र कुशवाहा घबरा गए और शोर मचाने लगे। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी को एक व्यक्ति, जो सोनी समाज का बताया जा रहा है, काफी समय से परेशान कर रहा था। उनका कहना है कि इसी मानसिक प्रताड़ना के कारण उनकी पत्नी ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस इस आरोप की भी जांच कर रही है। इस संबंध में बुढार थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है, हालांकि जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# महिला के गले से मंगलसूत्र लूटकर भागे लूटेरे, मामला दर्ज, आरोपी फरार, पुलिस जांच में जुटी




**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल। शहडोल शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में झपटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार देर शाम घर के पास टहल रही एक महिला के गले से अज्ञात बदमाश सोने का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।**


पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी बस्ती पानी टंकी के पास रहने वाली आशा यादव (55) पत्नी अशोक यादव बुधवार शाम अपने घर के पास गली में पैदल टहल रही थीं। इसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधे एक युवक वहां पहुंचा और अचानक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटकर मौके से भाग गया। महिला कुछ समझ पाती, इससे पहले ही आरोपी तेजी से वहां से फरार हो गया। घटना के बाद महिला ने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पीड़िता ने उन्हें पूरी घटना बताई। स्थानीय लोगों ने बदमाश का पीछा करने की कोशिश भी की, लेकिन वह अंधेरे और गलियों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। घटना के बाद पीड़िता ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के अनुसार छीना गया मंगलसूत्र करीब एक तोला सोने का था, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ झपटमारी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी की पहचान कर जल्द से जल्द उसे गिरफ्तार किया जा सके।

# पुलिस की रात्रि कॉम्बिंग गश्त में 12 वारंटियों पर की कार्यवाही




**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिले के थाना रामनगर पुलिस द्वारा न्यायालय के वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। रात्रि थाना रामनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त के दौरान न्यायालय से जारी वारंटों की तामील करते हुए कुल 03 स्थायी गिरफ्तारी वारंट, 01 वसूली वारंट (पत्नी के भरण-पोषण संबंधी) तथा 02 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। बिजुरी पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय कोतमा के प्र.क्र. 612/23 धारा 294,323,506,34 ताहि के स्थाई वारंटी राकेश साहू पिता स्व. जानकी साहू उम्र 30 वर्ष निवासी नन्दगांव, प्र.क्र.1191/23 धारा 34ए आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी रामबिहारी जायसवाल पिता मिठ्ठु जायसाल उम्र 45 वर्ष निवासी पडरीपानी बिजुरी ,प्र.क्र. 13003/23 धारा 13 जुआ एक्ट के स्थाई वारंटी संतोष कुमार पटेल पिता नत्थु पटेल उम्र 46 वर्ष निवासी माईनस कालोनी बिजुरी, प्र.क्र. 703/19 धारा 304ए, 288 भादवि के स्थाई वारंटी प्रेमचन्द गुप्ता पिता बच्चालाल गुप्ता उम्र 64 वर्ष निवासी भगता, आरसीटी नंबर 572/2024 धारा 294, 323, 506, 34 ताहि के गिरफ्तारी वारंटी लीलाबाई पाव पति राजकुमार पाव उम्र 40 वर्ष निवासी भालुगुडार, न्यायालय अमनदीप सिंह छावडा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय कोतमा के प्र.क्र. एमजेसीआर/150/2024 धारा 125(3) हिन्दू गोद रखरखाव अधि. 1956 के 4,60,000 रुपये का वसुली गिरफ्तारी वारंटी नीलेश श्रीवास्तव पिता दीनानाथ श्रीवास्तव उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम बिछिया थाना अमलाई जिला शहडोल को गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश किया गया।

# जल समस्या निराकरण समिति ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जल समस्या निराकरण समिति अनूपपुर के 9 सदस्यों ने कलेक्टर से मुलाकात कर, नगरपालिका अनूपपुर द्वारा प्रदूषित पेयजल की आपूर्ति किए जाने के संबंधित समस्या के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर महोदय ने सभी सदस्यों को बैठाकर ध्यानपूर्वक पूरी गंभीरता से उनके विचार को जाना और यह माना कि यह बहुत गंभीर समस्या है और इसका निराकरण अतिशीघ्र किया जाएगा । कलेक्टर साहब ने यह भी आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही स्वयं जाकर स्थल का निरीक्षण करेंगे और फौरी तौर पर क्या कार्यवाही की जा सकती है इस पर भी विचार करेंगे और ठोस कार्यवाही भी जितनी जल्दी संभव होगी करेंगे। समिति ने नगरपालिका द्वारा संचालित लायब्रेरी, जो कि कई वर्षों से बंद पड़ी है, को पुनः शुरू कराने के लिए भी निवेदन किया। इस संबंध में भी कलेक्टर महोदय ने इसे शीघ्र ही प्रारंभ कराने हेतु आश्वासन दिया।ह्वजल समस्या निराकरण समिति के गिरीश पटेल अध्यक्ष प्रगतिशील लेखक संघ व आयोजक ह्लजल समस्या निराकरण समितिह्व, रामखेलावन राठौर पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका, पल्लविका पटेल पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका, एडवोकेट बासुदेव चटर्जी, एडवोकेट चंद्रकांत पटेल, करतार सिंह पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, चंद्रशेखर सिंह जिला संयोजक लोक समिति,पी एस राउत राय पूर्व शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैंक तथा सीताराम पटेल जिला ब्यूरो चीफ दैनिक भास्कर आदि ने मुलाकात की। इस बैठक में कलेक्टर साहब ने पूरी तन्मयता से 10 मिनट का समय प्रदान किया।

# रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 41 यूनिट रक्त का किया संग्रहण

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिला मुख्यालय शहडोल में आईटीआई कैम्पस में 13 से 15 मार्च तक आयोजित होने वाले रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सर्जरी हेतु रक्त की आवश्यकता को देखते हुए जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में 11 मार्च को रोटरी क्लब शहडोल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 41 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। रक्तदान शिविर में ब्राइटन स्कूल के स्टाफ तथा दिव्य मुस्कान क्लब की महिला सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय की सिविल सर्जन एवं रोटेरियन डॉ. शिल्पी सराफ, डॉ. शमीम अंसारी तथा ब्लड बैंक के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा भी उपस्थित रहीं और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रोटेरियन साथियों ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रोटरी क्लब शहडोल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, सचिव विनोद प्रधान एवं कोषाध्यक्ष रवि शंकर पाठक ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी रोटेरियन साथियों, रक्तदाताओं तथा सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

# रक्तदान कर बने दूसरों के जीवन की मुस्कान, शिवानी पैरामेडिकल कालेज ने किया 30 यूनिट रक्तदान




**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** खून के रिश्तो को दुनिया का सबसे अटूट बंधन माना जाता है और अपनी रगो में बहते खून की कुछ बूंदो को दान करके आप ऐसे अनजाने लोगो से भी खून का रिश्ता जोड़ सकते है जो अपनी जिंदगी में जीवन के संघर्ष के समय आपके द्वारा मिले इस तोहफे के दम पर नया जीवन पाकर उम्र भर आपके ऋणी रहेगें एवं उनके दिल से निकली दुआ आपके जीवन में नए प्रकाश का संचार करेगी। उक्त उदगार शिवानी पैरामेडिकल कालेज के निदेशक डॉ.डी.के. द्विवेदी ने संस्था शिवानी पैरामेडिकल कालेज मे आयोजित रक्तदान शिविर में छात्र/छात्राओ को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। रक्तदान शिविर में उपस्थित जिला चिकित्सालय शहडोल की ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अब्दुल शमीम ने छात्र/छात्राओ को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया कि रक्तदान का महत्त्व जीवनदान से कम नही है। परन्तु आज भी हमारे समाज में रक्तदान को लेकर कई भ्रांतियां है जबकि सामान्य रूप से कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच की हो वह रक्तदान कर सकता है। डॉ. अब्दुल शमीम ने संस्था में अध्ययनत पैरामेडिकल एवं नर्सिंग छात्र/छात्राओ से अपील की कि वे रक्तदान के लिए लोगो को जागरूक करने का भी कार्य करे। संस्था में आयोजित रक्तदान शिविर में शहडोल जिले के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अब्दुल शमीम व टीम श्रीमती श्यामला रॉव, बृजेश श्रीवास्तव आदि तथा संस्था के निदेशक डॉ.डी.के.द्विवेदी, प्राध्यापक डा. रुद्र द्विवेदी नर्सिंग प्रभारी मंगला श्रीवास, प्रबंध निदेशक रजनीश त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी, डॉ अनिल बर्मन, डॉ. विवेक चकवर्ती, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, शरद नामदेव, ओमनारायण राठौर इत्यादि स्टॉफ उपस्थित रहे। शिविर में संस्था के स्टॉफ डॉ. अनिल वर्मन, ओमनारायण राठौर, नैना कोल, पारस सोंधिया उपस्थित रहे। छात्रों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को रक्तदान प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया।

## संपादकीय

### ईरान युद्ध चूल्हे तक

ईरान युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने 11 दिन खपा दिए। अंततः कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पड ?ा चाहिए। प्रधानमंत्री ने चुनौती की बात स्वीकार की है और चाहिए शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। देशवासियों ने उन्हें भरपूर समर्थन और सहयोग भी दिया है। बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए संजीवनी है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है? इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है? ये छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका? यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है? कूटनीतिक रणनीति क्या है? आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन तारपीडो करेगा? यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। आखिर प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं करेंगे? ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की अधिसूचना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सडक पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था। वह संकट भी फर्जी था, चिंता और अफवाहें ज्यादा थीं। मौजूदा संकट आम रसोई के मद्देनजर है कि शाम को गैस का चूल्हा जलेगा या नहीं, घर का खाना बनेगा अथवा नहीं। यह संकट उस वर्ग का ज्यादा है, जिसकी जिंदगी धक्के खाने में खप जाती है, जिसके संसाधन बेहद सीमित हैं और जिसने जनादेश देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। क्या प्रधानमंत्री उन लोगों को भी संबोधित नहीं कर सकते? इस संकट के दरमियान ही अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया है कि युद्ध का काम लगभग पूरा हो चुका है। अर्थात अमरीका युद्ध को समाप्त करने और निकलने का सुरक्षित रास्ता तलाश रहा है, लेकिन इजरायल और ईरान फिलहाल ऐसा नहीं सोच रहे, जाहिर है कि तेल-गैस का संकट बरकरार रहेगा, बल्कि बढ़ भी सकता है। करीब 60 देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ चुकी हैं। बहरहाल रूस हमारे लिए चमकती हुई उम्मीद है। वह गैस का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और कच्चे तेल का भी दूसरा सबसे बड़ा देश है। अमरीका ने रूस पर से तेल-गैस संबंधी पाबंदियां हटा ली हैं। रूस ने हमें कच्चा तेल और गैस की आपूर्ति शुरू भी कर दी है। करीब 95 लाख बैरल तेल भारतीय तट पर मौजूद है।


# सऊदी अरब की मदद के लिए रणभूमि में उतर सकता है पाकिस्तान, युद्ध का दायरा और फैलेगा!

ईरान द्वारा सऊदी अरब पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की घटनाओं के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है। इसी पृष्ठभूमि में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए सामरिक रक्षा समझौते की परीक्षा शुरू हो गयी है। इस समझौते के अनुसार यदि किसी एक देश पर हमला होता है तो दूसरा देश उसकी सुरक्षा में सहयोग करेगा। पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते सुरक्षा हालात के बीच पाकिस्तान एक बेहद जटिल सामरिक दुविधा में फंस गया है। सऊदी अरब और ईरान के बीच बढ़ते टकराव ने इस्लामाबाद के सामने यह कठिन सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वह अपने पुराने सहयोगी सऊदी अरब के साथ खड़ा होगा या फिर क्षेत्रीय संतुलन बनाये रखने की कोशिश करेगा। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के सऊदी दौरे ने इस बहस को और तेज कर दिया है।



दरअसल ईरान द्वारा सऊदी अरब पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की घटनाओं के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है। इसी पृष्ठभूमि में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए सामरिक रक्षा समझौते की परीक्षा शुरू हो गयी है। इस समझौते के अनुसार यदि किसी एक देश पर हमला होता है तो दूसरा देश उसकी सुरक्षा में सहयोग करेगा। इस संकट के बीच पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने रियाद में सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान से मुलाकात की। इस बैठक में ईरानी हमलों और क्षेत्रीय सुरक्षा हालात पर चर्चा की गयी। दोनों देशों ने साझा रक्षा समझौते के तहत संभावित कदमों पर विचार किया। यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यदि पाकिस्तान सऊदी अरब का सैन्य समर्थन करता है तो वह सीधे ईरान के साथ टकराव की स्थिति में आ सकता है। पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पहले से ही अस्थिर है और ऐसे में नया संघर्ष उसके लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। मगर यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि पाकिस्तान लंबे समय से सऊदी अरब का घनिष्ठ सहयोगी रहा है। सऊदी अरब ने आर्थिक सहायता और तेल आपूर्ति के माध्यम से कई बार पाकिस्तान की मदद की है। दूसरी ओर पाकिस्तान की ईरान के साथ लंबी सीमा लगती है और इन दोनों देशों के बीच भी सुरक्षा और ऊर्जा से जुड़े कई हित हैं। यही कारण है कि अब तक पाकिस्तान ने इस संघर्ष में सीधे शामिल होने से बचने की कोशिश की है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि इस्लामाबाद खुलकर सऊदी अरब के पक्ष में उतरता है तो इससे ईरान के साथ संबंध गंभीर रूप से बिगड़ सकते हैं और सीमा पर तनाव बढ़ सकता है। हम आपको बता दें कि इस संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति भी है। देश में सुन्नी और शिया समुदाय दोनों की बड़ी आबादी है। ईरान शिया बहुल देश है जबकि सऊदी अरब सुन्नी नेतृत्व वाला राष्ट्र है। ऐसे में यदि पाकिस्तान किसी एक पक्ष का खुला समर्थन करता है तो देश के भीतर सांप्रदायिक तनाव बढ़ने की आशंका भी रहेगी। अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के कई शहरों में शिया समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किये थे और गुस्साई भीड़ ने पाकिस्तान स्थित अमेरिकी मिशन पर हमला भी बोल दिया था। इसके बाद हालात काबू करने के लिये सुरक्षा बलों को कार्रवाई करनी पड़ी थी जिसमें कई लोगों के मारे जाने की खबरें सामने आयीं। इस घटना ने इस्लामाबाद की चिंता और बढ़ा दी है। पाकिस्तान की सरकार को आशंका है कि यदि वह खुलकर ईरान के खिलाफ सऊदी अरब के समर्थन में सेना उतारता है तो देश में मौजूद शिया समुदाय भड़क सकता है और आंतरिक सुरक्षा की स्थिति बिगड़ सकती है। इसी कारण पाकिस्तान की सरकार और सेना अब तक संतुलित नीति अपनाने की कोशिश करती रही है। इसके अलावा, पाकिस्तान की भूमिका इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह एक परमाणु शक्ति है और मुस्लिम देशों में उसकी सेना को काफी प्रभावशाली माना जाता है। यदि पाकिस्तान सऊदी अरब के साथ सैन्य रूप से जुड़ता है तो इससे पूरे क्षेत्र में शक्ति संतुलन बदल सकता है। इसके अलावा यह संघर्ष वैश्विक राजनीति को भी प्रभावित कर सकता है। पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल, चीन और रूस जैसे बड़े देशों के हित जुड़े हुए हैं। ऐसे में पाकिस्तान का कोई भी फैसला केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित करेगा। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान फिलहाल सीधे युद्ध में शामिल होने से बचने की कोशिश करेगा। लेकिन यदि सऊदी अरब पर हमले बढ़ते हैं और रक्षा समझौते के तहत दबाव बढ़ता है तो इस्लामाबाद के सामने कठिन निर्णय लेने की नौबत आ सकती है। फिलहाल असीम मुनीर की कूटनीतिक सक्रियता इसी संतुलन को साधने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है। आने वाले समय में पाकिस्तान का रुख यह तय करेगा कि पश्चिम एशिया का यह संकट कितना व्यापक रूप लेता है। हालांकि सैन्य इतिहास पर नजर डालें तो पाकिस्तान की सेना आज तक किसी युद्ध में जीत हासिल नहीं कर सकी है। भारत के साथ हुए युद्धों सहित कई सैन्य टकरावों में पाकिस्तान को करारी हार ही मिली है। ऐसे में यदि पाकिस्तान सऊदी अरब के समर्थन में किसी संघर्ष में उतरता भी है तो उससे युद्ध के व्यापक परिदृश्य में कोई बहुत बड़ा सामरिक बदलाव आने की संभावना कम ही है। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की भागीदारी अधिकतर प्रतीकात्मक या सीमित सैन्य सहयोग तक ही रह सकती है, जबकि संघर्ष की दिशा मुख्य रूप से क्षेत्रीय महाशक्तियों की रणनीति से ही तय होगी।

## यूरोप का हुआ बुरा हाल, रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देश अब मास्को से मांग रहे गैस और तेल



हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। जो यूरोप कल तक रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा रहा था और उससे गैस तथा तेल खरीदने वाले देशों पर पेनल्टी लगाने की मांग करते हुए यूक्रेन के साथ खड़ा नजर आ रहा था, वही यूरोप अब मध्य पूर्व में संकट गहराते ही फिर से रूस की ओर देखने लगा है। दरअसल अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष तथा फारस की खाड़ी में तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में ऊर्जा संकट से जूझता यूरोप रूस से गैस और तेल की संभावित आपूर्ति को लेकर नई चर्चा कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति और ऊर्जा बाजार दोनों में रूस को अप्रत्याशित लाभ की स्थिति में ला खडा किया है। हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। ईरान से जुड़े तनाव और संभावित आपूर्ति बाधा की आशंका के कारण तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गईं। सप्ताह की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत प्रति बैरल सौ डॉलर से ऊपर पहुंच गई। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के बाद कीमतों में कुछ गिरावट आई, फिर भी युद्ध से पहले की तुलना में तेल करीब सत्ताइस प्रतिशत महंगा बना हुआ है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्थिति का सबसे बड़ा आर्थिक लाभ रूस को मिल सकता है। रूस पहले से ही दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातकों में शामिल है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने उस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन अब ऊर्जा बाजार में उथल पुथल के कारण इन प्रतिबंधों का प्रभाव कम होता दिखाई दे रहा है। ऊंची कीमतों के कारण रूस को अपने तेल निर्यात से अधिक राजस्व मिलने की संभावना है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है। अमेरिका ने भारत को भी कथित रूप से अस्थायी छूट देते हुए रूसी कच्चा तेल खरीदने की अनुमति दी है। इस निर्णय के बाद रूस के तेल निर्यात में तेजी आई है। पहले जहां रूसी तेल लगभग पचास डॉलर प्रति बैरल के आसपास बिक रहा था, वहीं अब इसकी कीमत करीब नब्बे डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। इससे रूस को राजस्व में भारी बढ़ोतरी मिल रही है। ऊर्जा बाजार के आंकड़े बताते हैं कि समुद्र में टैंकरों पर जमा रूसी तेल का भंडार भी तेजी से कम हो रहा है, जिससे स्पष्ट है कि खरीदार देशों तक आपूर्ति तेजी से पहुंच रही है। फरवरी के अंत तक जहां टैंकरों में लगभग एक सौ बत्तीस मिलियन बैरल रूसी तेल जमा था, वहीं अब यह घटकर करीब एक सौ अठारह मिलियन बैरल रह गया है। इसका अर्थ है कि वैश्विक बाजार में रूसी तेल की मांग फिर बढ़ने लगी है। यदि मध्य पूर्व में संघर्ष लंबा चलता है और खाड़ी क्षेत्र से तेल निर्यात बाधित होता है तो रूस को अरबों डॉलर का अतिरिक्त राजस्व मिल सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊंची कीमतों और आपूर्ति संकट के चलते रूस को आय में कई अरब डॉलर का अतिरिक्त लाभ हो सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी संकेत दिया है कि यदि यूरोपीय देश राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर दीर्घकालिक सहयोग चाहते हैं तो रूस उन्हें फिर से तेल और गैस आपूर्ति करने को तैयार है। पुतिन का कहना है कि रूस ने कभी यूरोप के साथ ऊर्जा सहयोग से इंकार नहीं किया, लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप ने स्वयं रूसी ऊर्जा पर निर्भरता कम करने का निर्णय लिया था। हम आपको बता दें कि यूक्रेन युद्ध से पहले यूरोप अपनी गैस जरूरतों का चालीस प्रतिशत से अधिक हिस्सा रूस से खरीदता था। लेकिन प्रतिबंधों और वैकल्पिक स्रोतों की खोज के कारण यह हिस्सा घटकर वर्ष 2025 तक लगभग तेरह प्रतिशत रह गया। यूरोपीय संघ ने समुद्री मार्ग से आने वाले रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था और कई पाइपलाइन मार्ग भी बंद हो गए थे। हालांकि मौजूदा संकट में स्थिति बदलती दिखाई दे रही है। यूरोप ने अभी तक रूसी तरल प्राकृतिक गैस पर पूर्ण प्रतिबंध लागू नहीं किया है और प्रस्तावित योजना के अनुसार इसे 2027 तक धीरे धीरे समाप्त किया जाना है। इस कारण यूरोप के कुछ देश आपूर्ति संकट की स्थिति में फिर से रूसी गैस खरीदने पर विचार कर सकते हैं। फिर भी रूस की क्षमता पूरी तरह असीमित नहीं है।

## राशिफल

**मेष राशि :-** तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, घटना का शिकार होने से बचेंगे।

**वृष राशि :-** सफलता के साधन अवश्य जुटायेंगे, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, कार्य बनेंगे।

**मिथुन राशि :-** चिन्तायें कम होंगी, सफलत के साधन जुटायें, लाभ के कार्य बनेंगे।

**कर्क राशि :-** समय एवं शक्ति व्यर्थ जायेगी, मानसिक बेचैनी, क्लेश व अशांति अवश्य होगी।

**सिंह राशि :-** कार्य व्यवसाय में संतोष, स्त्री से तनाव, मानसिक बेचैनी अवश्य बनेगी, धैर्य रखें।

**कन्या राशि :-** समय अनुकूल नहीं विशेष कार्य स्थिगित रखें, लेन-देन के कार्य होंगे।

**तुला राशि :-** समृद्धि के साधन बनेंगे, कार्य कुशलता से संतोष होगा, रुके कार्य बनेंगे।

**वृश्चिक राशि :-** प्रबलता, प्रभुत्व वृद्धि, कार्य कुशलता से संतोष होगा, कार्य अवश्य ही बनेंगे।

**धनु राशि :-** व्यर्थ भ्रमण, धन का व्यय होगा, असमंजस एवं असमर्थता का वातावरण होगा।

**मकर राशि :-** अचानक यात्रा के प्रबल योग बनेंगे, योजनायें फलीभूत अवश्य होंगी।

**कुंभ राशि :-** बिगड़े कार्य बनेंगे, कार्य कुशलता से संतोष होगा, समृद्धि के साधन बनेंगे।

**मीन राशि :-** असमर्थता का वातावरण कष्टप्रद होगा, स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा।

# टी-20 वर्ल्ड कप स्टार्स सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने TRUZON सोलर में स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट किया




हैदराबादः सनटेक एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के तहत काम करने वाली एक लीडिंग सोलर सॉल्यूशन प्रोवाइडर, TRUZON सोलर ने भारत की ICC मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली टीम के कैप्टन सूर्यकुमार यादव और उसी वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के मेंबर तिलक वर्मा से स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट की घोषणा की है। यह इन्वेस्टमेंट भारत के तेजी से बढ़ते रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में कंपनी की ग्रोथ को और मजबूत करेगा। TRUZON सोलर के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, चारुगुंडला भवानी सुरेश ने कन्फर्म किया कि दोनों प्लेयर्स ने कंपनी में इन्वेस्ट किया है, जो ऑर्गनाइजेशन के लॉन्ग-टर्म विजन और भारत के क्लीन एनर्जी ट्रांज़िशन में इसके कंट्रीब्यूशन पर उनके कॉन्फिडेंस को दिखाता है। चारुगुंडला भवानी सुरेश ने कहा, TRUZON Solar ने सोलर एनर्जी इंडस्ट्री में 17 साल से ज्यादा पूरे कर लिए हैं, और इस पूरे सफर में हमारा मुख्य फोकस भरोसेमंद सोलर सॉल्यूशन देने पर रहा है, साथ ही इस सेक्टर में सबसे मजबूत आफ़्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क में से एक को बनाए रखा है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा का हमारी कंपनी में इन्वेस्ट करने का फैसला हमारे विजन और रिन्यूएबल एनर्जी स्पेस में हमारी बनाई गई क्रेडिबिलिटी पर उनके भरोसे को दिखाता है ĺĺ उन्होंने आगे कहा, सोलर एनर्जी आज एक एनवायरनमेंटल ज़िम्मेदारी और एक नेशनल मौका दोनों है। RUZON Solar में, हमारा मिशन क्लीन एनर्जी सॉल्यूशन को अपनाने में तेजी लाना है, साथ ही भारत से एक भरोसेमंद, सर्विस-ड्रिवन सोलर ब्रांड बनाना जारी रखना है ĺĺ कंपनी की ग्रोथ जर्नी को इंडस्ट्रीज की जानी-मानी हस्तियों का भी सपोर्ट मिला है। लेजेंडरी क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर पहले से ही कंपनी में इन्वेस्टर हैं, जबकि तेलुगु फि ल्म सुपरस्टार महेश बाबू TRUZON Solar के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर काम करते हैं, जो लोगों के बीच क्लीन और सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशन के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने में मदद करते हैं। अभी, TRUZON Solar ने तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में अपनी मजबूत मौजूदगी बनाई है। कंपनी के बड़े विस्तार के प्लान हैं और यह आने वाले महीनों में अपने अगले ग्रोथ फेज के हिस्से के तौर पर कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा में एंट्री करने के लिए तैयार है। TRUZON Solar में अभी 580 से ज्यादा प्रोफेशनल काम करते हैं, जिन्हें इसके मौजूदा पांच राज्यों के नेटवर्क में फैले 82+ चैनल पार्टनर और सर्विस सेंटर के मजबूत इकोसिस्टम से सपोर्ट मिलता है। कंपनी ने टेक्नोलॉजी पर चलने वाले आफ्टर-सेल्स सर्विस सॉफ्टवेयर सिस्टम भी लागू किए हैं, जिससे इसके बढ़ते रेजिडेंशियल, कमर्शियल और इंडस्ट्रियल क्लाइंट के लिए तेज सपोर्ट और बेहतर कस्टमर एक्सपीरियंस पक्का होता है। बढ़ते इन्वेस्टर कॉन्फिडेंस और सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस की बढ़ती डिमांड से प्रेरित होकर, कंपनी अब इनोवेशन, क्वालिटी और सर्विस एक्सीलेंस पर अपना मुख्य फोकस बनाए रखते हुए अपनी नेशनल मौजूदगी बढ़ाने का लक्ष्य रखती है।

## मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम.पी. अहमद 'बिजनेस भूषण' पुरस्कार से सम्मानित





**मुंबई।** मालाबार ग्रुप के चेयरमैन, श्री एम.पी. अहमद को लोकमत महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर अवाड्र्स 2026 में प्रतिष्ठित बिजनेस भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान उनके दूरदर्शी नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र के साथ-साथ समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित इस भव्य समारोह में राजनीति, उद्योग और मनोरंजन जगत की दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं। पुरस्कार वितरण महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने किया। इस अवसर पर लोकमत के चेयरमैन श्री विजय दरड़ा, कई मंत्री, अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं। लोकमत मीडिया ग्रुप द्वारा प्रस्तुत यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने नेतृत्व और उपलब्धियों से न सिर्फ उद्योगों को नई दिशा दी है, बल्कि समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। एम. पी. अहमद को यह सम्मान उनके उल्लेखनीय उद्यमी सफर और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स को वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेलर तथा भारतीय मूल का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेलर बनाने में निभाई गई भूमिका के लिए दिया गया। सम्मान प्राप्त करने पर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा, ĺĺलोकमत महाराष्ट्रीयन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स में बिजनेस भूषण अवॉर्ड प्राप्त करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह सम्मान पूरे मलाबार परिवार की सामूहिक प्रतिबद्धता और हमारे ग्राहकों द्वारा वर्षों से हम पर जताए गए भरोसे को दशार्ता है। हमारी यात्रा सभी हितधारकों की सामूहिक प्रगति के सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें जिम्मेदारी, ईमानदारी और समाज के लिए स्थायी मूल्य सृजित करने की प्रतिबद्धता हमारा मार्गदर्शन करती है। हम हर काम में उत्कृष्टता हासिल करने के अपने प्रयास को जारी रखेंगे ĺमहाराष्ट्र मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है, जहां प्रमुख शहरों में कंपनी के 34 शोरूम संचालित हो रहे हैं। इस विस्तार से रोजगार बढ़ा है, संगठित ज्वेलरी इकोसिस्टम मजबूत हुआ है और ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता वाले डिजाइनों तक अधिक पहुंच मिली है। राज्य में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है।

## 699 से 7,999 रुपए तक Ai+ के छह नए AIoT प्रोडक्ट लॉन्च, ईयरबड्स और स्मार्टवॉच की पूरी सीरीज बाजार में

## Ai+ नोवा पॉड्स और नोवा वाच सीरीज

जबलपुर। Ai+ ने भारत में AIoT के छह नए प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं। इनमें तीन ईयरबड्स और तीन स्मार्टवॉच शामिल हैं। इनकी कीमत 699 रुपए से लेकर 7,999 रुपए तक रखी गई है, यानी लगभग हर बजट के लिए विकल्प मौजूद है।

नोवा पॉड्स गो (699) में 24 घंटे तक का कुल बैटरी बैकअप मिलता है। इसमें डुअल माइक्रोफोन और IP4 वाटर रेसिस्टेंस भी दिया गया है। इस कीमत में यह वायर वाले ईयरफोन से काफी बेहतर विकल्प माना जा सकता है। अगर नोवा पॉड्स प्रो (1,999) की बात करें तो इसमें हाइब्रिड ANC, छह माइक्रोफोन और ब्लूटूथ 6.0 जैसे फीचर्स मिलते हैं। आमतौर पर ऐसे फीचर्स उन प्रोडक्ट्स में मिलते हैं जिनकी कीमत इससे करीब तीन गुना ज्यादा होती है। नोवा पॉड्स क्लिप्स (3,999) को फैशन और टेक्नोलॉजी को साथ लेकर डिजाइन किया गया है। यह ईयररिंग की तरह कान के बाहर क्लिप होकर बैठता है और स्टाइलिश भी लगता है। इसका ओपन-ईयर क्लिप डिजाइन कान के अंदर दबाव नहीं डालता, इसलिए लंबे समय तक पहनना आसान रहता है।



स्मार्टवॉच सेगमेंट में नोवा वॉच एक्टिव (2,499) में 1.73 इंच का अमोलेड ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले दिया गया है। इसके साथ हार्ट रेट मॉनिटरिंग, SpO2 ट्रैकिंग, स्ट्रेस ट्रैकिंग, महिलाओं की हेल्थ से जुड़े फीचर्स और IP68 रेटिंग भी मिलती है। इस कीमत में इसे काफी अच्छा वैल्यू पैकेज माना जा रहा है।

नोवा वॉच किड्स 4G (2,999) खास तौर पर स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए डिजाइन की गई है। इसमें रियल-टाइम GPS ट्रैकिंग, जियो-फेंसिंग, रडर कॉलिंग और टू-वे वीडियो कॉल जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से उपयोगी डिवाइस बनाते हैं। वहीं नोवा वॉच वियरबड्स (7,999) इस सीरीज का सबसे अलग और खास प्रोडक्ट है। यह भारत में अपनी तरह की पहली स्मार्टवॉच है जिसमें डायल के अंदर ही ईयरबड्स दिए गए हैं। इसमें 2GB लोकल म्यूजिक स्टोरेज, ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग और चैट GPT इंटीग्रेशन जैसे फीचर्स भी मिलते हैं। माधव शेठ के सपोर्ट और करीब दस लाख मौजूदा Ai+ स्मार्टफोन यूजर्स के साथ यह पूरा इकोसिस्टम बाजार में खास ध्यान खींच रहा है।



### 12 घंटे में ट्रक-कंटेनर पलटे, चालक की मौत

# कुरई घाटी के ब्लैक स्पॉट बने हादसों का कारण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी। कुरई मुख्य मार्ग (एनएच-44) पर मोहगांव से कुरई के बीच स्थित घाटी में खतरनाक मोड़ों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां लगभग छह स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया जा चुका है, लेकिन इन्हें सुधारने की दिशा में अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। हाल ही में कलेक्टर शीतल पटले ने भी इन स्थानों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे, बावजूद इसके हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को कुरई घाटी में महज 12 घंटे के भीतर दो अलग-अलग स्थानों पर एक ट्रक और एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गए। ट्रक हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कंटेनर चालक बाल-बाल बच गया।**

### घटनास्थल पर ही हुई चालक की मौत

कुरई घाटी के एक ब्लैक स्पॉट मोड़ पर आंध्रप्रदेश की ओर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और सीमेंट के मजबूत रोड डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में ट्रक चालक सी. श्रीनिवास राव (51) पिता रामचंद्र राव, निवासी काकीकाड़ा थाना टाउन जिला गोदावरी ईस्ट (आंध्रप्रदेश) की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक का हेल्पर पी. शंकर राव (40) निवासी गोदावरी ईस्ट को मामूली चोटें आईं। शव को पोस्टमार्टम के लिए कुरई अस्पताल में रखा गया, जहां परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कर शव सौंप दिया गया।

### ब्रेक पाइप फटने से पलटा कंटेनर

इसी स्थान के पास सोमवार दोपहर करीब 3 बजे दिल्ली से हैदराबाद जा रहा कोलगेट से भरा कंटेनर (क्रमांक एमएल 01 एजे 0027) भी मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। कंटेनर चालक दीपक सिकरवार, निवासी मुरैना (मध्यप्रदेश) को मामूली चोटें आईं। चालक के अनुसार कंटेनर का ब्रेक पाइप फट जाने से घुमावदार मोड़ पर वाहन से नियंत्रण हट गया और कंटेनर रोड डिवाइडर से टकराकर पलट गया।

### ब्लैक स्पॉट समाप्त करने की उठी मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि सिवनी से नागपुर जाने वाले इस मार्ग पर कुरई घाटी में करीब छह खतरनाक मोड़ ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित हैं, लेकिन इन्हें सुधारने का कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसी कारण यहां आए दिन छोटे-बड़े वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इसी तरह सिवनी-छपारा-लखनादौन मार्ग की घुनई घाटी में भी खतरनाक मोड़ों पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से इन ब्लैक स्पॉट को जल्द समाप्त करने और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

## गेहूं की फसल में आग लगने से भारी नुकसान, ढाई एकड़ फसल व पाइप जले



### किसान ने पड़ोसी पर लापरवाही से आग लगाने का लगाया आरोप, थाने में शिकायत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भाटीवाड़ा में बुधवार को गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से एक किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आग की चपेट में आकर करीब ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, साथ ही खेत में रखे प्लास्टिक के पाइप भी जल गए। मामले में किसान ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भाटीवाड़ा निवासी किसान तेजराम पिता मूरतलाल सनोडिया (51 वर्ष) ने लखनवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका खेत मंडवा रोड स्थित पटवारी हल्का नंबर 16, खसरा नंबर 152/1 रकबा 1.68 हेक्टेयर में स्थित है, जहां गेहूं की फसल लगी हुई थी। किसान के अनुसार उसके खेत के पास ही बैजनाथ बघेल का खेत है, जहां सरसों की फसल काटने के बाद नरवाई पड़ी हुई थी। आरोप है कि बुधवार 11 मार्च को सुबह करीब 11 बजे बैजनाथ बघेल ने अपने खेत में पड़ी नरवाई में आग लगा दी। तेज हवा के कारण आग फैलते हुए तेजराम के खेत में पहुंच गई और गेहूं की खड़ी फसल में लग गई। आग लगने से करीब ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे लगभग 50 क्विंटल गेहूं का नुकसान बताया जा रहा है। इसके अलावा खेत में रखे प्लास्टिक के 8 पाइप भी आग में जल गए। घटना की जानकारी मिलने पर लोकेश यादव और विनोद सनोडिया सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित किसान ने थाने में नामजद शिकायत करते हुए हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति व हजार्ना दिलाने तथा उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गौ हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, अन्य की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - सिवनी जिले के बादलपार क्षेत्र में गौ हत्या के मामले को लेकर क्षेत्र में रोष का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार 10 मार्च की रात करीब 10:30 बजे ग्राम बादलपार के चांदनी चौक मस्जिद रोड पर गौ माता की हत्या कर मांस को एक घर में लाए जाने तथा वाहनों से अन्य स्थानों पर ले जाने का आरोप लगाया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि कुछ आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। घटना के विरोध में नागरिकों ने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मुख्य आरोपी अलीम खान सहित अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने, अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई करने तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो सकल हिंदू समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## मेगा सर्विस कैंप में 137 ट्रैक्टर पहुंचे किसानों को दी नई योजनाओं की जानकारी




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - पलारी में श्री भगवत ट्रैक्टर (स्वराज ट्रैक्टर डीलर) द्वारा 11 मार्च को मेगा सर्विस कैंप एवं किसान मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 137 ट्रैक्टरों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों को ट्रैक्टरों की सर्विसिंग के साथ आगामी नवरात्रि में नए ट्रैक्टर खरीदने पर मिलने वाले लाभ और योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वराज कंपनी से आए अधिकारियों ने भी किसानों को ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरणों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसमें सीनियर मैनेजर (जोनल) गजानन अनारसे, एरिया मैनेजर जबलपुर संभाग महेश अहिरे, कस्टमर केयर मैनेजर अविनाश यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक सेल्स बिहारी लाल यादव तथा क्षेत्रीय प्रबंधक उपकरण अंशुल गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान किसानों के साथ संवाद करते हुए कंपनी के अधिकारियों ने ट्रैक्टरों के बेहतर उपयोग, रखरखाव और नई तकनीकों की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के अंत में किसानों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन की गूगल मीटिंग

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन भारत की मध्यप्रदेश इकाई की गूगल मीटिंग 10 मार्च की रात्रि में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक सांगेश कुमार भाटी (राजस्थान) के निर्देशन में किया गया। बैठक में मध्यप्रदेश संरक्षक एवं प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. मनोज कुमार बात्री (जिला सिवनी) सहित सिवनी, बालाघाट, इंदौर और अन्य जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सिवनी जिला अध्यक्ष देवी सिंह अक्षरया, जिला उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद कहार, वरिष्ठ सदस्य आनंदी चक्रवर्ती, बालाघाट महिला सेल अध्यक्ष सुनीता बसोने, तहसील लांजी अध्यक्ष उमेश्वरी बांसोड़, मीडिया प्रकोष्ठ की कुमारी सुषमा खानोरकर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बिहार प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रीय सचिव मीडिया प्रकोष्ठ विभूति सिंह ने भी ऑनलाइन जुड़कर कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया। वहीं इंदौर से संगठन महामंत्री राकेश गहलोत और राष्ट्रीय मंत्री गोपाल कृष्ण राठौर की उपस्थिति से कार्यकताओं में उत्साह देखा गया। मीटिंग में संगठन के विस्तार, नए पदाधिकारियों के परिचय और मानव अधिकारों की रक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## उगली में प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** – केवलारी उगली मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन एवं सहयोग से नवांकुर संस्था सर्वहित समर्पण सेवा संस्था द्वारा विकासखंड केवलारी में प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों को ग्राम विकास से जुड़े विषयों की जानकारी देना तथा उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाना था।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर तिलक अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्पलता पोचाटे (सरपंच उगली), मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अशोक बेन्द्रे, जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला, प्रशिक्षक बालकराम डहेरिया (परामर्शदाता), सुमेरी लाल विश्वकर्मा (नवांकुर संस्था सदस्य) तथा नवांकुर संस्था के अध्यक्ष कमल सिंह साहू सचिव दुर्गेश्वरी बोरिकर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान क्रमबद्ध रूप से स्वागत एवं परिचय, प्रशिक्षण का उद्देश्य, प्रस्फुटन समिति क्या है, समिति की भूमिका, नवांकुर योजना एवं सामाजिक कार्य, दस्तावेजीकरण एवं रजिस्टर संधारण, कार्य योजना निर्माण तथा संकल्प एवं समापन जैसे विषयों पर प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी गई।इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अशोक बेन्द्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रस्फुटन समितियाँ ग्राम स्तर पर सामाजिक जागरूकता बढ़ाने, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं ऊर्जा बचत जैसे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और ग्राम विकास के कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला ने समग्र ग्राम विकास की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांव के विकास के लिए सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों को सामाजिक समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक बालकराम डहेरिया (परामर्शदाता) ने प्रतिभागियों को प्रस्फुटन समितियों के गठन, संचालन, बैठक प्रक्रिया, सामाजिक नक्शा निर्माण, कार्य योजना तैयार करने तथा दस्तावेजीकरण एवं रजिस्टर संधारण के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया।वहीं प्रशिक्षक सुमेरी लाल विश्वकर्मा ने ग्रामीण आजीविका संवर्धन के विषय पर मार्गदर्शन देते हुए नर्सरी विकास, घरेलू उत्पाद निर्माण तथा लघु एवं कुटीर उद्योगों की संभावनाओं पर चर्चा की और स्थानीय संसाधनों के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर बल दिया।नवांकुर संस्था के अध्यक्ष कमल सिंह साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं की सक्रियता से ही ग्राम विकास के कार्यों को गति मिलती है। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों से गांव में नशामुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया। नवांकुर संस्था सचिव दुर्गेश्वरी बोरिकर ने सामाजिक जागरूकता के कार्यों को प्राथमिकता देने , लोकल की वस्तुओं को बढ़ावा देने का आह्वान किया।कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कीर्ति चौहान, रहमत खान, आशा कार्यकर्ता समता पांडे, गीता बिसेन, एएनएम मीरा जोशी सहित प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा ग्राम विकास में सक्रिय भागीदारी का संकल्प दिलाया गया।


## कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर छात्राओं की विभिन्न जांचें की गईं



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय में 12 अगस्त को संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र, जिला चिकित्सालय सिवनी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एचआईवी, सिफलिस एवं टीबी नोडल अधिकारी डॉ. जयज काकोडिया द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी-सी तथा टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। डीएचओ-1 मनीषा सिरसाम ने छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण और उसके लाभों के बारे में बताया। वहीं वंदना कमलेश ने हेपेटाइटिस बी एवं सी की जानकारी देते हुए गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए अधिक पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय बताए। डॉ. पुरुषोत्तम डहेरिया ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य का स्वस्थ रहना भी आवश्यक है। डॉ. हर्षित कोरी ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। शिविर में छात्राओं और महाविद्यालय स्टाफ की सीबीसी, थायराइड, हेपेटाइटिस बी-सी, एचआईवी और सिफलिस की जांच के लिए ब्लड सैंपल लिए गए तथा आभा आईडी भी बनाई गई। टीबी जांच के लिए स्फुटम सैंपल भी एकत्र किए गए। शिविर के संचालन में डीएसआरसी काउंसलर फौजिया अंजुम, आईसीटीसी एलटी शिबा खालिक, आशीष तिवारी, देवीदयाल डहेरिया सहित संपूर्ण सुरक्षा टीम के सदस्य ललिता सनोडिया, ज्योति चंद्रवंशी, नवीन निर्मलकर, साई आशीष परियोजना की रेखा उइके, विहान परियोजना के विष्णु दास और उमंग हेल्थ केयर की मानसी पालागर का सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य कल्पना येले सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मोक्षधाम में इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह अधूरा, पार्षद ने जांच की उठाई मांग





**दैनिक रेवांचल टाइम्स - सिवनी नगर पालिका क्षेत्र के कटंगी रोड स्थित मोक्षधाम में निमार्णाधीन इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह का कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। इस संबंध में विवेकानंद वार्ड के पार्षद राजेश ह्यराजूह्ल यादव ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर जांच और कार्रवाई की मांग की है।**

पार्षद द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि उक्त कार्य श्री कांता इलेक्ट्रिकल्स, महोली (पंजाब) की फर्म को 12 अक्टूबर 2022 को लगभग 1.13 करोड़ रुपये की लागत से सौंपा गया था। कायार्देश के अनुसार चार माह में मशीन स्थापना सहित पूरा काम पूरा होना था, लेकिन फर्म ने केवल मशीन लगाकर करीब 62.85 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त कर लिया और कार्य अधूरा छोड़ दिया। पार्षद का आरोप है कि लगभग पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी शवदाह गृह शुरू नहीं हो पाया है, जिससे नगरवासियों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लंबे समय से मशीनरी उपयोग में न आने के कारण उसमें जंग लगने की स्थिति भी बन रही है, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। पार्षद राजेश यादव ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित फर्म के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा अधूरे कार्य को जल्द पूरा कर शवदाह गृह शुरू कराने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना: वाराणसी-अयोध्या यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** जिले में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वाराणसी-अयोध्या तीर्थ यात्रा का आयोजन 30 मार्च से 4 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। इस यात्रा के लिए जिले को कुल 279 यात्रियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इच्छुक नागरिक जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय अथवा नगर पालिका परिषद सिवनी में निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ आयु संबंधी प्रमाण पत्र, फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र अथवा अन्य वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र) तथा समग्र आईडी संलग्न करना अनिवार्य होगा।



### निविदा सूचना


ग्राम पंचायत आदेगांव, जनपद पंचायत लखनादौन, जिला सिवनी द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न पंचायत कार्यों हेतु आवश्यक सामग्री खरीदी के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इच्छुक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा 18 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय आदेगांव में आयोजित बैठक में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि को निविदा न खुलने की स्थिति में 19 मार्च 2026 को नियत समय एवं स्थान पर निविदा खोली जाएगी।

**सचिव, ग्राम पंचायत आदेगांव,**
**जनपद पंचायत लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)**



# सुसाइड नोट जब्ती के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं, आरक्षक व महिला एसआई को बचाने में लगा पुलिस महकमा?



छिंदवाड़ा। कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते माह आरक्षक की पत्नी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में एक माह बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। मृतिका के पास से सुसाइड नोट मिलने के बाद भी पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न किए जाने पर परिजनों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार 9 फरवरी को कोतवाली थाना क्षेत्र में प्रीति रघुवंशी पत्नी चंद्रकिशोर रघुवंशी ने अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मौके से पुलिस ने मृतिका द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट भी जब्त किया था तथा परिजनों के बयान दर्ज कर मामला पंजीबद्ध किया गया। हालांकि घटना को एक माह बीत जाने के बाद भी आरक्षक पति और महिला एसआई सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। लोगों का आरोप है कि पुलिस विभाग अपने ही कर्मचारियों को बचाने का प्रयास कर रहा है, जबकि




पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सुसाइड नोट में लगाए गए गंभीर आरोप

मृतिका द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट में पति चंद्रकिशोर रघुवंशी पर मारपीट करने तथा एक महिला एसआई के साथ अवैध संबंध होने का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा सास, ननद और बहनोई द्वारा भी मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की बात लिखी गई है। मर्ग जांच के दौरान मृतिका के भाई राजेश रघुवंशी, चचेरे भाई मधुर रघुवंशी, माता देवकी रघुवंशी और बड़े भाई गिरजेश रघुवंशी के बयान दर्ज किए गए। परिजनों ने मृतिका की मौत के लिए पति चंद्रकिशोर रघुवंशी, सास प्रेमवती बाई, ननद बबली रघुवंशी, नंदोई रंजीत रघुवंशी, नीलू रघुवंशी तथा महिला एसआई अनिता सराठे को जिम्मेदार बताया है।

## एफआईआर में अफेयर का भी उल्लेख

परिजनों के अनुसार सुसाइड नोट में पति द्वारा मारपीट करने, सास द्वारा अपशब्द कहने और ताने देने की बात लिखी गई है। वहीं पति के थाना पांढुर्णा में पदस्थ एक महिला एसआई के साथ संबंध होने का भी जिक्र किया गया है। सुसाइड नोट में घर के खर्च, दूध, मकान किराया और बिजली बिल का हिसाब भी लिखा मिला है।

## जांच में लापरवाही के आरोप

परिजनों ने पुलिस जांच पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सुसाइड नोट में लिखी बातों का पूरा उल्लेख एफआईआर में नहीं किया गया। मृतिका के कपड़ों के अंदर मिले नोट का भी स्पष्ट उल्लेख नहीं है। इसके अलावा आरोप है कि आरोपी पति और महिला एसआई के मोबाइल फोन जब्त कर कॉल डिटेल रिकॉर्ड (उऊफ) नहीं निकाले गए, जिससे सच्चाई सामने आ सकती थी। परिजनों का यह भी कहना है कि मृतिका के साथ मारपीट की तस्वीरें होने के बावजूद उनका एफआईआर में उल्लेख नहीं किया गया।

## पुलिस पर आरोपियों को बचाने के आरोप

परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि आरोपी आरक्षक को निलंबित करने के बजाय थाने में ही रखा गया और फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्र के सहारे उसे स्वास्थ्य लाभ का हवाला देकर फरार रहने का मौका दिया जा रहा है, ताकि वह अग्रिम जमानत ले सके। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि महिला एसआई को कई बार आरोपी द्वारा बुलाया जाता था और वह रात में उसके घर रुकती थी। इस संबंध में वाहन रवानगी रजिस्टर और संबंधित चालक के बयान की जांच की मांग की गई है। अब देखना होगा कि पुलिस इस संवेदनशील मामले में कब तक आरोपियों की गिरफ्तारी कर निष्पक्ष जांच करती है।

# एमपी में अब दूध बेचने वालों के लिए लाइसेंस जरूरी

## मिलावट रोकने की दिशा में बड़ा कदम, दूध ले जाने वाले उपकरणों की होगी निगरानी

भोपाल। मध्यप्रदेश में अब डेयरी सहकारी समितियों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और दूध विक्रेताओं को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ऐसे सभी दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू करेगी। इसके साथ ही दूध संग्रह,



परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों और भंडारण व्यवस्था की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि इससे मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। राज्य में ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान की जाएगी जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी की मासिक रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी।

**मप्र में 213 लाख टन दूध का उत्पादन :** मध्यप्रदेश देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में शामिल है। यहां देश के कुल दूध उत्पादन का करीब 9 प्रतिशत यानी लगभग 213 लाख टन दूध का उत्पादन होता है। राज्य में सांची दूध प्रमुख डेयरी ब्रांड है और ग्रामीण क्षेत्रों में दूध संग्रह को बढ़ावा देने के लिए 381 नई सहकारी समितियां भी कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में पिछले वर्ष नेशनल डेयरी डव्लपमेंट बोर्ड के साथ अनुबंध भी किया गया था। जानकारी के अनुसार प्रदेश में कुल दूध उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत हिस्सा भैंस के दूध का है। वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 652 से 707 ग्राम प्रतिदिन रही।

**25 गाय रखने पर 10 लाख का प्रोत्साहन :** प्रदेश सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत 25 गायों की यूनिट स्थापित करने पर 10 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है।

**केंद्र ने भी मांगी दूध उत्पादन की रिपोर्ट :** दूध उत्पादन और बिक्री को लेकर केंद्र सरकार भी सक्रिय हो गई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (त्र्रअक) ने दूध उत्पादकों और विक्रेताओं के लिए पंजीकरण या लाइसेंस अनिवार्य करने संबंधी नई एडवाइजरी जारी की है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि डेयरी सहकारी समितियों के सदस्यों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत पंजीकरण या लाइसेंस लेना होगा। एफएसएसएआई के अनुसार कुछ दूध उत्पादक और विक्रेता बिना पंजीकरण या लाइसेंस के खाद्य व्यवसाय चला रहे हैं, जो खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है। इसलिए ऐसे सभी व्यक्तियों को अपने कारोबार को जारी रखने या शुरू करने से पहले एफएसएसएआई के साथ अनिवार्य रूप से पंजीकरण या लाइसेंस लेना होगा। केंद्र ने दूध उत्पादन की रिपोर्ट भी मांगी है।

**राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भी रखें ध्यान :** प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में दूध कारोबारियों की निगरानी बढ़ाएं और यह सुनिश्चित करें कि सभी के पास आवश्यक पंजीकरण या लाइसेंस हो। साथ ही दूध संग्रह और परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों तथा भंडारण व्यवस्था की समय-समय पर जांच भी की जाए। एफएसएसएआई ने राज्यों को विशेष पंजीकरण अभियान चलाकर ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान करने को भी कहा है जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से संबंधित गतिविधियों की निगरानी और अनुपालन की रिपोर्ट हर महीने 15 और 30 या 31 तारीख तक प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रहलाद के साथ शिवराज से मिले सीएम मोहन यादव



## दिल्ली में हुई मीटिंग, अब सरसों पर भावांतर का लाभ, तुअर की पूरी फसल खरीदेगी सरकार

दिल्ली/भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। खास बात यह रही कि इस बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी उनके साथ मौजूद थे।

**विजयवर्गीय भी दिल्ली में थे मौजूद :** एमपी के बजट सत्र के दौरान विधानसभा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयानों से सीएम और विजयवर्गीय के बीच अंदरूनी मतभेद नजर आए थे। इसके बाद पिछले हफ्ते सीएम डॉ मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल ने एक ही दिन अलग-अलग समय पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इस बार शिवराज सिंह चौहान से सीएम ने मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ मुलाकात की है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी दिल्ली पहुंचे थे, लेकिन वे एक निजी शादी समारोह में शामिल होने गए थे। **शिवराज-मोहन और प्रहलाद के बीच चर्चा :** तीनों दिग्गजों के बीच हुई बैठक के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि खेती से जुड़े इन मुद्दों पर चर्चा हुई है। सरसों उत्पादकों को भावांतर का तोहफा : लंबे समय से लंबित सरसों की खरीद पर भावांतर भुगतान योजना को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरी झंडी दे दी है। इससे प्रदेश के लाखों सरसों उत्पादक किसानों को बाजार और समर्थन मूल्य के अंतर की राशि सीधे खाते में मिलेगी। तुअर की 100% सरकारी खरीदः शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को स्वयं स्वीकृति पत्र सौंपा, जिसके तहत अब प्रदेश के किसानों की पूरी की पूरी तुअर फसल सरकार खरीदेगी। यह दलहन उत्पादन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश के लिए एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। 2026 किसान कल्याण वर्ष का रोडमैपः वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मनाते हुए केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें मूंग, उड़द और सोयाबीन जैसे तिलहनों पर भी विशेष फोकस रहेगा।

# महिला सशक्तिकरण और शहरी विकास के संगम का साक्षी बनेगा भारत मंडपमः आयुक्त श्री भोंडवे

## केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को करेंगे सम्मानित

भोपाल। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि विभाग द्वारा शहरी महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में राज्य के 55 नगरीय निकायों में 312 स्व-सहायता समूहों की 1,028 महिलाओं को अमृत मित्र के रूप में 'जल गुणवत्ता परीक्षण' जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये समूह सार्वजनिक उद्यानों के रख-रखाव और केंद्र सरकार के 'वुमन फॉर ट्रीज' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण एवं उनकी सुरक्षा का दायित्व का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। अमृत मित्र महोत्सव में मध्यप्रदेश की लगभग 300 महिलाएँ उत्साहपूर्वक भाग लेंगी। इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों की अमृत मित्र महिलाएँ भी सम्मिलित हो रही हैं। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अमृत 2.0 के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं के अतुलनीय योगदान को



रेखांकित करने के लिये शुक्रवार 3 मार्च को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित 'भारत मंडपम' में ह्लअमृत मित्र महोत्सवह्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है।इस राष्ट्रीय समागम में देशभर से 'अमृत मित्र' के रूप में कार्यरत स्व-सहायता समूह की महिलाएँ, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी सहभागिता करेंगे।

**उत्कृष्टता का सम्मान :** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर अमृत मित्र पहल के अंतर्गत जल संरक्षण, स्वच्छता और शहरी प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित करेंगे। यह आयोजन उत्कृष्ट कार्य करने वालों के कार्यों को पहचान दिलाएगा। साथ ही महिला नेतृत्व के माध्यम से सतत शहरी विकास की संकल्पना को भी सुदृढ़ करेगा।

# हमारे मध्यप्रदेश में जन्म से लेकर आजीवन पूजी जाती हैं बेटियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## हटा में बनेगा नया भवन, एमएलबी स्कूल में बनेगा ऑडिटोरियम

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जहां बेटियां जन्म से लेकर आजीवन पूजी जाती हैं, वह सिर्फ. और सिर्फ. अपना मध्यप्रदेश ही है। नारी सदैव पूजनीय हैं। हम अपने देश को भी जननी मानकर भारत माता की जय कहकर पूजते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेटियों और महिलाओं के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार की योजनाएं महिलाओं के जीवन में हर कदम पर पक्की सहेली बनकर उनके साथ खड़ी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को दमोह जिले के हटा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन सह शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के कारण प्रदेश के लिंगानुपात में व्यापक सुधार हुआ है। साथ ही बेटियों के प्रति समाज की सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों की प्रगति और आशीर्वाद से ही प्रदेश में समृद्धि आ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से दमोह जिले के लिए 405 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की लागत के 13 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। इसमें लगभग 232 करोड़ रूपए की लागत से हटा से गैसाबाद सिमरिया मार्ग (एसएच-55) के 73 किमी मार्ग के टू-लेन रोड के रूप में उन्नयन एवं चौड़ीकरण, 74 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से मडियादो से बर्धा किशनगढ़ सड़क निर्माण और 48 करोड़ 89 लाख रुपए की लागत से मड़ियादो से रजपुरा मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विरासत से विकास के मूल मंत्र को अपनाते हुए प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं।

# एमपी में सिर्फ 15% एलपीजी वह भी इमरजेंसी के लिए

## भोपाल-इंदौर मेट्रो को भी नहीं मिलेगी गैस; घरेलू सिलेंडर के लिए 5 से 7 दिन तक वेटिंग

भोपाल। एलपीजी की कमी की आंच अब किचन तक पहुंच गई है। 3 दिन से प्रदेश में कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप है। घरेलू सिलेंडर की वेटिंग भी 5 से 7 दिन की हो गई है। ऑयल कंपनियों ने 15% गैस ही उपलब्ध होने की बात कही है, जो इमरजेंसी सेवा और घरों के लिए ही उपयोग हो सकेगी। ऐसे में गुरुवार से पूरे प्रदेश में गैस का बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। इधर, ऑयल कंपनियों की सप्लाई के बाद कमर्शियल सिलेंडर सिर्फ अस्पताल, सेना-पुलिस की कैंटीन, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट स्थित कैंटीन, बस स्टैंड स्थित भोजनालय को ही मिलेंगे। हालांकि, खाद्य विभाग को जरूरत के हिसाब से ऑयल कंपनियों को लिस्ट देना होगी। दूसरी ओर होटल, मैरिज गार्डन, सराफा कारीगरों के साथ भोपाल और इंदौर मेट्रो को कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल सकेंगे। दोनों ही शहरों में मेट्रो का काम चल रहा है, जिसमें वेल्डिंग के लिए एलपीजी का उपयोग होता है।

**स्टॉक इतना कि 48 घंटे तैसे-जैसे निकलेंगे :** भोपाल होटल एसोसिएशन के तेजकुल पाल सिंह पाली का कहना है कि राजधानी में ही डेढ़ हजार से ज्यादा होटल और रेस्टॉरेंट हैं। जहां हर रोज 2 से ढाई हजार सिलेंडर उपयोग होते हैं। जिन होटल या रेस्टॉरेंट में स्टॉक है, वहां 48 घंटे ही तैसे-जैसे निकल पाएंगे। इसके बाद होटल और रेस्टॉरेंट बंद हो जाएंगे। सरकार से मांग की है कि होटल, रेस्टॉरेंट और रेहड़ी वालों को कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाए, लेकिन सरकार ने सिर्फ इमरजेंसी सेवा के लिए गैस देने की बात कही है।

**दावा- घरेलू सिलेंडर की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं, हकीकत-लंबी**



**वेटिंग :** जिम्मेदार दावा कर रहे हैं कि घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन हकीकत में लंबी वेटिंग है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में लंबी वेटिंग है। भोपाल के 5 नंबर इलाके में इसके लिए भीड़ देखी गई। टीटी नगर इलाके में तो सिलेंडर के लिए भाग-दौड़ भी हो चुकी है। इंदौर में कमर्शियल सिलेंडर के संकट के बीच खाद्य विभाग के अधिकारी ने लकड़ी, कंडा, कोयला जैसे पारंपरिक ईंधन जलाने पर जोर दिया है। वहीं भोपाल में भी डीजल भट्?ठी का उपयोग करने की बात कही जा रही है। भोपाल के फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि सरकार के नए निर्देश आए हैं। इसी हिसाब से सप्लाई व्यवस्था है। अब 25 दिन में ही सिलेंडर के लिए बुकिंग कराई जा सकेगी। सर्वर की दिक्कत आने और लोगों के द्वारा 1-2 सिलेंडर स्टॉक जमा करने की वजह से एजेंसियों के बाहर भीड़ लग रही है।

**मार्च में ही 20 हजार से ज्यादा शादियां :** प्रदेश में मार्च में ही 20 हजार से ज्यादा शादियां होना हैं। इनमें कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग होता है, लेकिन ये 3 दिन से नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में शादियों में भोजन पकाने में दिक्कतें खड़ी हो रही हैं। भोपाल में 3 हजार आभूषण कारीगर हैं। इन्हें महीने में 9000 हजार सिलेंडर की जरूरत होती है।

**दाल, मसाले और ड्राई फ्रूट्स हुए महंगे :** ईरान-इजरायल के बीच युद्ध का असर भोपाल के बाजारों में भी दिख रहा है। भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महामंत्री एवं कैट के पूर्व प्रवक्ता विवेक साहू ने बताया कि दालों में तेजी बनी हुई है। हरी मूंग करीब 100 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर 100 रुपए, चना 150 रुपए, मूंग मोगर लगभग 125 रुपए और चना दाल करीब 100 रुपए प्रति क्विंटल तक तेज बताई जा रही है। वहीं, तूअर दाल के भाव में भी करीब 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मसालों के बाजार में भी तेजी देखने को मिल रही है। थोक व्यापारी अनिल कुकरेजा के मुताबिक, मिर्ची लगभग 50 रुपए प्रति किलो और धनिया करीब 40 रुपए प्रति किलो तक महंगी हो गई है। वहीं थोक ड्राई फ्रूट व्यापारी किशोर राजदेव के अनुसार, पिस्ता करीब 250 रुपए प्रति किलो, अंजीर 100 रुपए प्रति किलो, केसर लगभग 20 हजार रुपए प्रति किलो और दाल चीनी करीब 5 रुपए प्रति किलो तक महंगी हो चुकी है।

**ईरान के रास्ते आती हैं सामग्री :** भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महामंत्री के मुताबिक, पिस्ता, अंजीर, दाल, चीनी सहित कई ड्राई फ्रूट्स ईरान के रास्ते भारत आते हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय हालात का सीधा असर इनके दामों पर पड़ा है। वहीं, भारत से जाने वाले कुछ उत्पादों के दामों में गिरावट भी देखी जा रही है। खोपरा पाउडर करीब 50 रुपए, मखाने 100 रुपए और हरी इलायची लगभग 200 रुपए प्रति किलो तक सस्ती हुई है। पैकेजिंग व्यापार से जुड़े मोतीलाल आडवाणी ने बताया, क्रूड ऑयल के दाम बढ़ने से कच्चा माल महंगा हो गया है, जिसके कारण पैकेजिंग से जुड़े सामानों के रेट में करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इसके चलते प्लास्टिक से बने अधिकांश पैकेजिंग आइटम महंगे हो गए हैं। **तेल की कीमतों पर भी असर :** खाद्य तेल के ब्रोकर रमाकांत तिवारी एवं खाद्य तेल एवं शकर संगठन के महामंत्री कृष्ण कुमार बांगड़ ने बताया कि खाद्य तेलों के बाजार में भी तेजी देखने को मिल रही है। सोयाबीन तेल के भाव में करीब 15 दिन में लगभग 14 रुपए प्रति किलो तक की तेजी दर्ज की गई है। वहीं, मूंगफली तेल के 15 लीटर जार की कीमत करीब 2120 रुपए से बढ़कर 2650 रुपए तक पहुंच गई है। हालांकि, गर्मी के मौसम के कारण सरसों तेल की मांग कम होने से इसके रेट फिलहाल स्थिर हैं।

**प्रदेश सरकार का दावा सप्लाई सामान्य, घबराएं नहीं :** सिलेंडर की सप्लाई के बीच मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पेट्रोल-डीजल और गैस की उपलब्धता की निगरानी के निर्देश दिए हैं। मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त स्टॉक है। घरेलू गैस की सप्लाई सामान्य है। सरकार ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचने और अधिकृत जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की है।

स्टाफ की कमी से जूझ रहा भारतीय स्टेट बैंक सलेहा

# स्टेट बैंक सलेहा का लचर रवैया जनता कर रही परेशानियों का सामना




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना।** इन दिनों भारतीय स्टेट बैंक सलेहा में क्राउड का माहौल बना हुआ है पहले तो नगद कैश की तंगी भी सुनने में आई थी परंतु इन दिनो उमड़ती भीड़ ने सोचने पर विवश कर दिया है लगभग 100 गांवों के बीच केवल एक ही शाखा होने के कारण भी भीड़ का होना लाजमी है शाखा प्रबंधक से मौखिक बात करने पर पता चला कि स्टाफ की कमी होने के कारण कई कार्य पेंडिग हो जा रहे है जबकि हम रात को आठ आठ बजे तक भी काम कर रहे हैं विषय विचारणीय यह है कि स्टाफ की कमी के कारण जनता के काम रुक रहे हैं अतिथियों पत्रकारों एवं समाजसेवी नागरिकों जो जनता के कार्यों से संबंधित चचाएं बैंक प्रबंधन से कर सकें और समस्याओं को सुलझाने में बैंक प्रबंधन की मदद कर सके तो न उनके लिए बैठ कर बाते कर पाने की सुविधा मिल पा रही है और न पानी की वहीं शाखा प्रबंधक का रवैया भी रूढ़ता की ओर इशारे कर रहा है इस बारे में जब शाखा प्रबंधक से बात की गई तो उनके द्वारा वही स्टाफ की कमी का हवाला दिया गया इससे तो यह सिद्ध होता है कि बैंक में चपरासी भी अब बैंकिंग संबंधी कार्य कर रहे हैं जबकि बैंक जैसे संस्थान में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा किसी भी व्यक्ति से बैंकिंग संबंधी कार्य कराना जोखिम भरा हो सकता है और स्टाफ की कमी से क्षेत्र की गति में भी व्यवधान पैदा हो रहा है स्टेट बैंक की उच्चस्तरीय प्रबंधन को चाहिए कि बैंक में स्टाफ की कमी को पूर्ण कराया जाय ।

### कियोस्क खातों के लिए बनाए गए नियम भी न जन हितार्थ हैं और न संवेदनशील

जन चचाएं यह है कि ज्यादातर ऐसे बुजुर्ग महिला एवं पुरुष जिनकी उम्र हो जाने के कारण कियोस्क संचालक फिंगर प्रिंट को स्कैन नहीं कर पाते उन बुजुर्गों महिलाओं एवं पुरुषों के खातों के लेन देन भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है ऐसे में सरकार द्वारा भेजे गए पेंशन और अन्य पैसे का दुरुपयोग तो हो ही रहा है साथ ही बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों को बैंक के चक्कर भी काटने के लिए विवश होना पड़ता है ऐसे में कियोस्क खाता धारक बुजुर्गों महिलाओं एवं पुरुषों को सलेहा बैंक प्रबंधन द्वारा निर्धारित किसी एक दिन को ही बैंक से पैसा प्राप्त हो सकता है जो कि शायद सरकारी नियमों का खुला उल्लंघन है अगर किसी को इमरजेंसी है तो वह अपने ही खाते के पैसे को प्राप्त नहीं कर पा रहा है जबकि अगर बात की जाए तो सलेहा में मंगलवार के दिन बाजार का दिन होता है इस दिन को ही ज्यादातर गरीब और बुजुर्गों महिलाओं एवं पुरुषों को अपने लिए किराना एवं अन्य चीजों को बाजार से खरीदने में पैसे की जरूरत होती है ऐसे में यह सलेहा बैंक प्रबंधन द्वारा निर्धारित बाजार के बाद का दिन तानाशाही पूर्ण भी दिखाई दे रहा है बैंक के उच्च स्तरीय प्रबंधन से करबद्ध निवेदन है कि इस मामले की जांच कर तुरंत कार्यवाही करे वरना जनता को मजबूरन लोकतांत्रिक कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### निर्धारित जगह पर ही बैठे कियोस्क

भारतीय स्टेट बैंक के कियोस्क शाखाएं मनमाने तरीके से बैंक के इर्द गिर्द ही दिखाई दे रहे हैं कुछेक को तो पता नहीं किन नियमों के तहत जगह परिवर्तन कर दिया गया है जबकि शुरूआती दौर पर उनकी जगह कुछ ओर थी जिससे जनता को और ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कुछ मामलों में तो जनता को उनके नजदीक ही बैंकिंग सेवाएं मिल रही थी परंतु नवागत शाखा प्रबंधक की मेहरबानी से कियोस्क शाखाओं के स्थान परिवर्तन करने पर महिलाएं बुर्जुग मजदूर भटकने के लिए बेबस हो रहे हैं और नवागत प्रबंधक अपनी सुविधानुसार कियोस्क शाखाओं का संचालन करा रहे हैं अगर गहन जांच हो जाए तो ग्रामीणों को हो रही परेशानी का अंदाजा शायद वातानुकूलित कुर्सी पर बैठे जिम्मेदारों भी लग सकता है।

### आउट सोर्स कर्मियों का होना चाहिए पुलिस वेरिफिकेशन

चूंकि बैंक एक अति संवेदनशील संस्था है जिसका संबंध सीधे तौर पर सरकारी सुविधाओं को धरातल पर जन हितार्थ पहुंचाने का सीधा माध्यम भी है इसलिए बैंक जैसी जगह पर कार्यरत आउट सोर्स कर्मियों एवं कियोस्क संचालकों का पुलिस वेरिफिकेशन भी समय समय पर किया जाना चाहिए ताकि जनता के बीच बैंक ओर सरकार के प्रति पारदर्शिता बनी रहे ओर धोखाधड़ी जैसे मामले जो आजकल हो रहे हैं कहीं न कहीं उनको बहुत हद तक रोकने में मदद मिल सकती है।



## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित बरही प्रवास के मद्देनजर विधायक और कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** विधायक विजयराघवगढ़ श्री संजय सत्येन्द्र पाठक और कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने गुरूवार को यहां बरही पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शनिवार 14 मार्च को प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता, नगर परिषद बरही अध्यक्ष पियूष अग्रवाल, एसडीओपी विजयराघवगढ़, तहसीलदार बरही आदित्य द्विवेदी, तहसीलदार विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला, जनपद सीईओ विजयराघवगढ़ बृतेश जैन, टीआई बरही अभिषेक चौबे सहित पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह मौजूद रहे। विधायक श्री पाठक और कलेक्टर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रस्तावित प्रवास के दौरान श्री विजयनाथ धाम मंदिर के प्रांगण में होने वाले कृषि महोत्सव कार्यक्रम के मंचीय व्यवस्था, बैठक दीर्घा, कृषि और कृषि से संबंधित विभागों द्वारा यहां लगाये जाने वाले प्रदर्शन स्टालों की व्यवस्थाओं के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिये। इसके बाद विधायक और कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही के परिसर में बने हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया और आभार रैली रोड शो के मार्गों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री तिवारी ने मौके पर मौजूद एसडीओपी एवं टीआई को यातायात व्यवस्था व्यवस्थित करने की हिदायत दी। विधायक और कलेक्टर ने बरही के बड़ा तालाब पहुंचकर यहां जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जाने वाले तालाब सौंदर्यीकरण कार्य के शुभारंभ स्थल का अवलोकन किया। आभार रैली रोड शो बड़ा तालाब से सुभाष चौक, अमन बुक डिपो, कमानिया गेट से होते हुये श्री विजयनाथ धाम मंदिर स्थित सभास्थल पहुंचेगा।

## चौखड़ा मे स्व.सुन्दर लाल तिवारी की मनाई गई 7वी पुण्यतिथि



**दैनिक रेवांचल टाइम्स त्योंथर।** विंध्य क्षेत्र के सर्वहारा वर्ग के कांग्रेस नेता पूर्व सांसद, विधायक स्वर्गीय सुंदरलाल तिवारी की 7वीं पुण्यतिथि ग्राम पंचायत चौखड़ा सरपंच राघवेन्द्र प्रताप सिंह के घर मे प्रसन्न सिंह के आयोजकत्व में बीजेपी मंडल अध्यक्ष समीर सिंह के उपस्थति में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई, जहा पर सर्वप्रथम स्व.सुंदरलाल तिवारी के प्रतिमा पर उपस्थति सभी लोगो द्वारा माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि समीर सिंह ने स्वर्गीय सुंदरलाल तिवारी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व. तिवारी जी क्षेत्र में सर्वहारा वर्ग के नेता थे जो भी काम किये किसी एक के लिए नही किये बल्कि सभी के लिए किये थे वो निडर एवं साहसी व्यक्तित्व के नेता थे अपने स्वाभिमान के खिलाफ समझौता नही करते थे उसूल के पक्के व्यक्ति थे ऐसे नेता को बार बार नमन करता हूँ। वही उपस्थति कई वक्ताओं ने स्वर्गीय सुंदरलाल तिवारी के बारे में अपने विचार रखे। उस दौरान प्रमुख रूप से समीर सिंह मण्डल अध्यक्ष, युवा नेता प्रसन्न सिंह, अनुपम सिंह मण्डल महा मंत्री, संतोष कुमार सिंह, सतीश सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, संत कुमार सिंह, कुलदीप सिंह, पुनीत पाल, सूरज कोल, विनय सिंह, वीरेंद्र सिंह, गंगा कचेर, सुधाकर सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पवई में सवर्ण समाज की बैठक संपन्न, 14 मार्च को पन्ना में होगा सामाजिक समरसता एवं सद्भाव कार्यक्रम




**रेवांचल टाइम्स पन्ना।** सवर्ण समाज संयुक्त मोर्चा पवई के तत्वाधान में गुरुवार, 12 मार्च 2026 को शाम को जगदीश स्वामी मंदिर पवई में सवर्ण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूजीसी 2026 से संबंधित प्रस्तावित कानून के विरोध सहित समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 मार्च 2026, शनिवार को पन्ना में आयोजित होने वाले ह्लसामाजिक समरसता एवं सद्भाव कार्यक्रमह्व में सामान्य वर्ग से जुड़े समाज के लोगों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एकता, जागरूकता और अपने अधिकारों के प्रति संगठित होकर आवाज उठाने का संकल्प लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सवर्ण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी तथा करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सिंह राजपूत ने समाज की एकजुटता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज के हितों की रक्षा के लिए सभी लोगों को संगठित होकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना आवश्यक है। उन्होंने यूजीसी 2026 के प्रस्तावित कानून पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज में समरसता और सद्भाव को प्रभावित कर सकता है, इसलिए सरकार को राष्ट्र हित में इसे वापस लेना चाहिए । बैठक में शिक्षाविद कवि रघुवीर तिवारी, अधिवक्ता मनोज पाठक, रघुनाथ चौबे, लक्ष्मीकांत बोहरे, पुष्पेंद्र पाठक, अजय श्रीवास्तव, पत्रकार राकेश पाठक, बालेंद्र पाण्डेय, राजू त्रिपाठी, शिक्षक विजय गौतम, आनंद नायक, बृजेश नारायण द्विवेदी, उमेश द्विवेदी, अभिनंदन चतुर्वेदी, प्रहलाद बेहरे, सतीश सक्सेना, योगेन्द्र शर्मा, नागेंद्र तिवारी सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मनोज पाठक में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी ने उपस्थित लोगों को हल्दी-चावल देकर 14 मार्च को पन्ना में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। सभी उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## बरही में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 14 मार्च को

**कटनी ।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये एक ही छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर शनिवार 14 मार्च को बरही के विजयनाथ धाम मेला प्रांगण में प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक जिलास्तरीय एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र, शासकीय नोडल आई.टी.आई कटनी तथा मध्यप्रदेश राज्य डे ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इस मेले में 9 कंपनियों द्वारा कुल 1700 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिनमें प्रधानमंत्री कौशल केंद्र द्वारा 50, वर्धमान टेक्सटाईल मंडीदीप द्वारा 100, सांईकृपा फैसीलिटिज मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 200, वैष्णवी मैनपॉवर सर्विसेज अंतर्गत पॉलीवांड इंडिया प्राईवेट इंडिया लिमिटेड द्वारा 200, शिवफोर्ड ग्रुप पुणे अंतर्गत जॉबिल सर्किट इंडिया लिमिटेड द्वारा 250, अडानी स्किल सेंटर कैमोर अंतर्गत टाटा मोटर्स गुजरात, आयशर कंपनी पीथमपुर और वोल्वो आयशर भोपाल द्वारा 150, विजन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड अंतर्गत सुब्रोस लिमिटेड नोएडा उ.प्र., मारूति सुजकी गुजरात हंसलपुर और लॉजिस्टक संर्डशन द्वारा 300, आटोलाईन इंडस्टीज लिमिटेड अहमदाबाद द्वारा 400 एवं एलआईसी कटनी द्वारा 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी श्री पासी ने रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन हेतु कटनी जिले की आई.टी.आई के प्रशिक्षण अधिकरियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपते हुए आदेश जारी किया है।

आरक्षक व एसआई को बचाने में लगा पुलिस महकमा

## सुसाइट नोट जब्ती के बाद भी आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

छिंदवाड़ा। बीते माह थाना क्षेत्र कोतवाली अंतर्गत आरक्षक की पत्नि द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच की शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचानामा तैयार कर शव का परीक्षण काराकर परिजनों को सौंप दिया। उक्त मामले मे पुलिस ने मौके से मृतिका के सुसाइट नोट जब्त कर परिजनों को कथन दर्ज कर मामला पंजीबद्ध किया गया। उक्त मामले मे थाना प्रभारी की भूमिका पर भी संदेह उत्पन्न हो रहा है। पुलिस के उच्च अधिकारियों को चाहिए कि थाना प्रभारी की भी जांच करा कर कार्रवाई करे।

एक माह में नही हो सकी गिरफ्तारी

पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर एक माह बीत जाने के बाद भी आरक्षक पति एवं एस आई महिला को गिरफ्तार नही किया गया है। लोगों का कहना है कि पुलिस अपने विभाग के कर्मचारियों को बचाने का प्रयास कर रही है। वही पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। जांच उपरांत कार्रवाई की जावेगी। अब देखना होगा कि पुलिस आरोपियों को कब तक गिरफ्तार करती है। क्योकि उक्त मामले में पुलिस विभाग के कर्मचारी पूरी तरह से आरोपी है।

**मामला इस प्रकार** –9 फरवरी को थाना क्षेत्र छिंदवाड़ा कोतवाली अंतर्गत प्रीति रघुवंशी पति चंद्रकिशोर रघुवंशी ने अपने किराये के घर मे फासी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका द्वारा आत्महत्या के पूर्व सुसाइट नोट भी लिख कर रखे गये थे जिसमें आरक्षक पति चंद्रकिशोर रघुवंशी पर मारपीट करना लिखा गया था एवं महिला एस आई से अवैध संबंध की बात भी लिखी गई। इसके अतिरिक्त मृतिका के नंद व बहनोई एवं सास द्वारा भी प्रताड़ित करना लिखा गया। पुलिस ने सुसाइट नोट जब्त कर प्रकरण तो पंजीबद्ध कर लिया लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नही की गई। मर्ग जांच के दौरान मृतिका के भाई राजेश रघुवंशी पिता डुलीचंद रघुवंशी, मृतिका के चचेरे भाई मधुर रघुवंशी, मृतिका की मां देवकी रघुवंशी, मृतिका के बडे भाई गिरजेश रघुवंशी के कथन लेख किये गये जिन्होने मृतिका प्रीति रघुवंशी की मौत के लिए मृतिका की सास प्रेमवती बाई, पति चंद्रकिशोर रघुवंशी, ननद बबली रघुवंशी, नंदोई रंजीत रघुवंशी, नीलू रघुवंशी, एसआई अनिता सराटे को जिम्मेदार बताया गया है।

**एसआई अफेयर का एफआईआर मे उल्लेख** – मृतिका द्वारा सुसाइट नोट में के साथ दूध का हिसाब व मकान का किराये तथा बिजली का हिसाब भी मिला। पलंग के गद्दे के नीचे मिली कापी में सास व पति द्वारा परेशान करना, सास द्वारा अपशब्दो का प्रयोग करना, उसे ताने मारना, लडके की बात मानकर चलना, पति द्वारा अत्याधिक मारपीट करना, बहनो का कहना मानना व उनकी कही हुई बात के अनुसार काम करना, पति द्वारा करीबन 40 वार मारना, थाना पांढुर्णा में पदस्थ महिला उनि से अफेयर होना सहित अनेको बाते लिखी पाई गई। मृतिका के पिता डुलीचंद रघुवंशी एवं अन्य परिजनों द्वारा प्रीति रघुवंशी की मौत के लिए मृतिका की सास प्रेमवती बाई, पति चंद्रकिशोर रघुवंशी, ननद बबली रघुवंशी, नंदोई रंजीत रघुवंशी, नीलू रघुवंशी, एसआई अनिता सराठे को जिम्मेदार बताया गया।

**पुलिस की लापरवाही के बिन्दु** – 1 पुलिस ने पहले सुसाइट नोट में क्या लिखा है इसका उल्लेख एफआईआर में नही किया गया है। 2 मृतिका के कपडे के अंदर जो सुसाइट नोट मिला है उसमे इस बात का एफआईआर में कही उल्लेख नहीं है कि सुसाइट नोट पहले वाला फर्जी है। 3. मृतिका ने उसके पति का अफेयर महिला एस आई से है इस संबंध में मृतिका के पति अथवा महिला एस आई का मोबाइल फोन जम क्यो नहीं किया गया इससे आरोपी को बचने का लाभ मिलेगा व एफआईआर में इसका उल्लेख नहीं है कि आरोपी के मोबाइल फोन की सीडीआर निकाली जा रही है। 4 विवेचक द्वारा मृतिका की राईटिंग पिछले 10-15 वर्षो की लगाकर भ्रांति उत्पन्न कर आरोपीगणो को अप्रत्यक्ष रूप से फायदा पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। जबकि मृतिका के बैंक अकाउंट या बच्चे के स्कूल के पैरेंस मीटिंग मे हस्ताक्षर कागज अथावा होम वर्क की कापियो में मिलान करना था। मृतिका उसके बच्चे को घर पर होम वर्क कराती थी। 5 मृतिका आरोपी द्वारा प्रताडित थी उसी मारपीट की फोटो का उल्लेख नहीं है जबकि मृतिका के पिता ने आरोपी द्वारा मारपीट करने उपरांत फोटो दिखाये थे उनका एफआईआर में उल्लेख नहीं है। 6 आरोपी के पिछले 01 साल की सायबर से काल डिटेल टावर लोकेशन निकाली जाये तो महिला एसआई के साथ हर रात की लोकेशन ट्रेस हो जाएगी। 7. पिछले 01 वर्षो से थाना लोधीखेडा का रोजनामचा की जांच जाए तथा आरोपी के रवानगी वापसी के सान्हे मांगे जाए।. 03-03 दिन बिना लिखा पढ़ी के गायब रहकर महिला एसआई कहां रहती थी।

**पुलिस कर रही सपोर्ट** – 1 आरोपी को निलंबित न करके आरोपी की तैनाती थाने के रखकर फर्जी मेडिकल सर्टिफिटेक के द्वारा स्वास्थ्य लाभ का बहाना बताकर आरोपी को फरार कराकर अग्रिम जमानत का लाभ लेने के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा लाभ लेने के लिए थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारियों द्वारा सपोर्ट किया जा रहा है इसका मेडिकल बोर्ड से परीक्षण कराकर उस लेने का रजिटर चैक करे। 2. आरपियो को लाभ पहुंचाने के लिए कार्यवाही करते समय वीडियो ग्राफी रिकार्डिंग नहीं की जा रही है।

न्यायालय को गलत जानकारी देने से आक्रोशित थे मुश्लिम

## रोजा अबतार कराने गए क्षेत्रीय नेता का मुश्लिम भाइयों ने किया बहिष्कार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स जवा ।** जिले के जवा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सितलहा में बन रहे अटल पंचायत भवन का विवाद थमने का नाम नही ले रहा है, जिसे लेकर 11/03/26 को मस्जिद में रोजा अबतार के दौरान देखने को मिला जब क्षेत्रीय नेता चक्रधर सिंह मस्जिद में रोजा अबतार करने गए थे तो मुश्लिम समुदाय में लोगो ने कहा जब आप के द्वारा सितलहा में मस्जिद ही नही है तो यहा किस लिए आये है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सितलहा ग्राम पंचायत के इमाम बाड़ा के पास सरपंच के द्वारा अटल पंचायत भवन का शिलान्यास किया गया तभी मुश्लिम समुदाय के लोगो ने विरोध दर्ज कर आपत्ति लगाई थी कि उक्त जमीन 64/1 ईदगाह और 2 डिसमिल में गांधी चबूतरा भी था जिस में अभी भी 5 इमाम बाड़ा बने हुए है जिसकी शिकायत जवा तहसील और थाना जवा में आवेदन देकर काम रुकवाने की मांग की गई थी लेकिन शासन द्वारा स्टे तक नही दिया गया और अनवरत कार्य जारी रहा। जिसका प्रकरण भी न्यायालय में चल रहा है। जिसमे ग्राम पंचायत सरपंच,सचिव और रोजगार सहायक ने न्यायालय को गलत जानकारी दिए है कि यह कि वाद-पत्र की कण्डिका 2 पूर्णतया गलत एवं बनावटी होने से स्वीकार नहीं है ऐसा कोई आदेश पूर्व के राजाओ का नहीं है कि सितलहा गांव में केवल मुसलमान ही निवास करे सितलहा गांव में ऐसी कोई जगह नहीं है जिसके अवशेष हो की इस गाय में केवल मुसलमान ही निवास करते रहे है। सितलहा गांव में कोई गस्जिद आदि पुराना मौजूद नहीं है। जबकि सितलहा गांव में शीतला माई का बहुत प्राचीन मूर्ति है उन्ही शीतला गाई जी के ही कारण इस गांव का नामकरण सितलहा पड़ा था यहां की पहली तहसील इसी सितलहा गाव में रही इस प्रकार से यहां हिन्दुओं का निवारा रहा यह बात अवश्य है कि इस गांव में मुसलमान भाई भी आबाद हुए व आज भी आबाद है। जबकि पटवारी ने पुष्टि की भी है। जिसे लेकर मुश्लिम समुदाय के लोगो मे आक्रोश है कि गलत जानकारी न्यायालय को क्यो दी गयी। गलत जानकारी देने से आक्रोशित मुश्लिम समुदाय के लोगो ने जैसे ही दिनांक 11/03/26 को रोजा अबतार के शाम समय 6 बजे क्षेत्रीय नेता चक्रधर सिंह फल वगैरह लेकर गए तो उन्हें मस्जिद से यह कहकर प्रसाद नही चढ़ाने नही दिया गया कि जब मस्जिद ही नही है तो यहा आप क्या करने आये है।

## 16 मार्च को बिजली बिल सहित अन्य कई मांगो को लेकर भा.यूनियन टिकैत तहसील कार्यालय सेमरिया का करेगा घेराव



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सेमरिया।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले सेमरिया विधानसभा के बिजली बिल सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय सेमरिया का घेराव 16/03/2026 को करेगी, जिसे लेकर बैठक की गई। बैठक दौरान बिजली बिल, जले हुए ट्रांसफार्मर, गेंहू खरीदी केंद्र बढ़ाई जाने, नक्शा तरमीम में प्रभारी की मनमानी, किसानों के धान का पैसा सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर घेराव कर मांग पत्र तहसीलदार को सौंपा जाएगा का निर्णय लिया गया। इसके बाद भी यदि मांग पर कार्यवाही नहीं हुई तो चक्का जाम भी किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। जिसके लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष सग्रीव सिंह ने सभी सम्मानित किसानो से अपील किये है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुचकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001



### घटिया नहर-कैनाल निर्माण में विभाग-ठेकेदार की साठगांठ से खुला भ्रष्टाचार

# करोड़ों की सिंचाई योजनाएं कागजों में सफल, जमीन पर फेल!





**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** आदिवासी बहुल्य मंडला जिले में किसानों के लिए बनाई गई सिंचाई योजनाएं अब सवालों के घेरे में हैं। करोड़ों अरबों रुपये खर्च कर बनाए गए बांध, नहर और कैनाल आज जर्जर हालत में हैं। निर्माण कार्य पूरा हुए बिना ही इनकी गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है, जिससे जल संसाधन विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत से सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप तेज हो गए हैं। वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विकास खंड भुआ बिछिया, मोहगांव और घुघरी विकासखंड में कई बांधों और उनसे जुड़ी नहर-कैनाल की हालत इतनी खराब है कि जगह-जगह दरारें, रिसाव और टूट-फूट साफ दिखाई दे रही है। ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि निर्माण के समय ही घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिससे परियोजनाएं शुरू होने से पहले ही दम तोड़ती नजर आ रही हैं।

## विभाग की चुप्पी, ठेकेदारों को खुला संरक्षण

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब नहर और कैनाल निर्माण में खामियां साफ दिखाई दे रही हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। किसानों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की साठगांठ के चलते घटिया निर्माण को भी नजरअंदाज कर दिया जाता है।

## सफाई और मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति

नहरों की नियमित सफाई और रखरखाव के नाम पर भी भारी लापरवाही सामने आ रही है। कई नहरें गाद, कीचड़ और कचरे से भरी पड़ी हैं, जिससे पानी खेतों तक पहुंच ही नहीं पाता। वहीं जर्जर नहरों से लगातार पानी रिसता रहता है, जिससे सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

## किसान बूंद-बूंद पानी को मोहताज

अजनिया, बिछिया, मोहगांव और घुघरी क्षेत्र में कई गांवों के किसान सिंचाई के लिए पानी को तरस रहे हैं। स्थिति यह है कि कहीं पानी की कमी से खेत सूख रहे हैं, तो कहीं अव्यवस्थित नहरों के कारण जलभराव से खड़ी फसलें बर्बाद हो रही हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई गांवों में बदहाल नहरें भुआ बिछिया, अंजनिया, नैनपुर, मोहगांव विकासखंड के करेगांव, मलवाथर और वनियातारा सहित कई गांवों में नहरों की हालत जर्जर बताई जा रही है। वहीं घुघरी विकासखंड के बरवानी बांध सहित कई परियोजनाओं की कैनाल और नहरें बदहाल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में ही गड़बड़ी की गई, जिसके कारण कुछ ही समय में नहरों की हालत खराब हो गई।

## जिम्मेदारों पर उठ रहे बड़े सवाल

वही स्थानीय किसानों और ग्रामीणों का आरोप है कि यदि इन निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच और वित्तीय ऑडिट कराया जाए तो करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार का खुलासा हो सकता है। लेकिन अब तक जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया है।

## किसानों की मांग जांच हो, दोषियों पर कार्रवाई

वही क्षेत्र के किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बांध, नहर और कैनाल निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाए और विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि किसानों के नाम पर खर्च हुए करोड़ों रुपये का हिसाब कौन देगा, और कब तक विभागीय लापरवाही और ठेकेदारों की मनमानी से मंडला के किसान यूं ही परेशान होते रहेंगे?



# मंडला पुलिस के लिए आयोजित मोटिवेशनल कार्यक्रम में श्री भक्तिप्रेम स्वामी जी महाराज ने दिया प्रेरणादायी संदेश

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** दिनांक 12 मार्च 2026 को योजना भवन, मंडला में पुलिस अधिकारियों के लिए एक विशेष प्रेरणात्मक एवं मूल्य आधारित सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मार्गदर्शन उज्जैन से पधारे परमपूज्य भक्ति प्रेम स्वामी जी महाराज (अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता, अध्यक्ष-इस्कॉन मंदिर उज्जैन, एम.बी.बी.एस.) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अपने संबोधन में स्वामी जी महाराज ने श्रीमद् भगवद्गीता के ज्ञान को सरल शब्दों में समझाते हुए बताया कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन और नेतृत्व की एक सार्वभौमिक आचार संहिता है, जो व्यक्ति को कर्तव्य, नैतिकता और सही निर्णय लेने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि गीता का उपदेश एक जिम्मेदार योद्धा और प्रशासक अर्जुन को दिया गया था, जिससे स्पष्ट होता है कि इसका संदेश प्रशासनिक जिम्मेदारियाँ निभाने वाले व्यक्तियों के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है। भगवद्गीता व्यक्ति को संकट के समय स्पष्टता, तनाव के समय धैर्य और निर्णय लेने में विवेक प्रदान करती है तथा प्रशासनिक अधिकारियों को अपने कर्तव्यों को अधिक संतुलित और प्रभावी ढंग से निभाने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला श्री शिव कुमार वर्मा ने सत्र की सराहना करते हुए कहा कि गीता के सिद्धांत पुलिस अधिकारियों के लिए तनाव प्रबंधन और बेहतर निर्णय लेने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, थाना प्रभारी यातायात ललित धुर्वे, थाना प्रभारी महाराजपुर जय सिंह यादव सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**मंडला।** नवांकुर संस्था के माध्यम से ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला किन्द्री में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता तिवारी ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रवाहिनी समिति मंडला की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा ज्योतिषी ने कहा कि नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से समय-समय पर प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वृद्धि के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया जाता है। विकासखण्ड समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया ने प्रस्फुटन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था में रखें कड़ी निगरानी: कलेक्टर

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिले में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिला योजना भवन में एसडीएम एवं तहसीलदारों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में वितरण प्रणाली की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस सिलेंडर वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही नहीं होनी चाहिए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।**



कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों और डीलरों के साथ बैठक कर वितरण व्यवस्था की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि डीलरों से नियमित संवाद बनाकर रखें और यह सुनिश्चित करें कि पात्र उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि गैस वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी बनाए रखें तथा यदि कहीं भी अनियमितता या शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी तथा व्यवस्थित तरीके से संचालित की जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी पर भी कड़ी नजर बनाए रखें। पैनिक करने वाली भ्रामक खबरों का तत्काल खण्डन कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं। गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण, अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी न हो इसके लिए पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण करते रहें।

# भुआ बिछिया में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, दुकानदारों पर जुमार्ना

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी बिछिया श्रीमती सोनाली देव के निदेर्शानुसार नगर परिषद भुआ बिछिया द्वारा नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) श्री संस्कार बावरिया के नेतृत्व में नेशनल हाईवे-30 एवं बस स्टैंड क्षेत्र में फुटपाथ और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान पाया गया कि हाईवे मार्ग एवं फुटपाथ पर कई व्यापारी अवैध रूप से दुकानें संचालित कर रहे थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई थी। इस पर नगर परिषद, राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर थाना परिसर के सामने, बस स्टैंड तथा विनोद रंगमंच के आसपास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की तथा संबंधित दुकानदारों पर जुमार्ना भी लगाया। बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए निर्धारित स्थानों पर चूना लाइन डालकर वाहन पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित किए गए। नागरिकों को निर्देश दिए गए कि वाहन निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें, अन्यथा जुमार्ना एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों को श्री गांधी मेला स्थल स्थित सब्जी मंडी के पास निर्धारित स्थान पर दुकान संचालित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि हाईवे मार्ग एवं फुटपाथ पर दोबारा दुकान लगाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए जुमार्ना और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पीपरदोन में पेयजल संकट का समाधान

### प्रशासन ने ग्रामीणों के बीच पहुँचकर सुलझाया विवाद

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निदेर्शानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रशासन सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को एसडीएम घुघरी श्री सचिन जैन ने ग्राम पीपरदोन का दौरा किया। उन्होंने नागरिकों से सीधा संवाद कर पेयजल आपूर्ति से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवाद को सफलतापूर्वक हल कराया। ग्राम पीपरदोन में पीने के पानी की सप्लाई को लेकर ग्रामीणों के बीच कुछ असहमतियाँ थीं। इस संवेदनशील मुद्दे को सुलझाने के लिए एसडीएम श्री जैन के साथ एसडीओ (पीएचई), जनपद पंचायत सीईओ घुघरी और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भी उपस्थित रहे। एसडीएम श्री जैन ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और आपसी समन्वय के माध्यम से जल वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान (जीपीडीपी) के तहत आगामी समय के लिए प्राथमिकताएँ तय की जानी चाहिए।

# नदी में डूबे युवक का शव दो दिन बाद मिला

### मंडला में पुल के नीचे नहाने गया था, मजदूरी करता था

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिले की बालई नदी में डूबे मजदूर का शव करीब 48 घंटे की मशक्कत के बाद बरामद कर लिया गया है। बुधवार शाम को नदी में शव तैरता हुआ मिला, जिसे पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला। घटना 9 मार्च की दोपहर की है, जब नागपुर निवासी 28 वर्षीय सुभाष भलावी नारायणगंज के पास नेशनल हाईवे-30 पर बने पुल के नीचे नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। सुभाष यहां एक ठेकेदार के पास सड़क निर्माण के काम में मजदूरी करता था।**



## दो दिनों तक चला सर्च ऑपरेशन

हादसे की खबर मिलते ही टिकरिया पुलिस और एसडीईआरएफ (रऊएफ्रऋ) की टीम मौके पर पहुंची थी। सोमवार और मंगलवार को दिनभर गोताखोरों ने नदी की खाक छानी, लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चला। बुधवार शाम करीब 5:30 बजे पुलिस को नदी में शव दिखाई दिया, जिसे तुरंत बाहर निकालकर नारायणगंज अस्पताल भेजा गया।

## परिजन को दी गई सूचना

टिकरिया थाना प्रभारी प्रदीप पांडे ने बताया कि मृतक के परिवार को जानकारी दे दी गई है। सुभाष के भाई और अन्य रिश्तेदार नारायणगंज पहुंच चुके हैं। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिवार को सौंप दिया जाएगा।

### मंडला में बोलीं- इतिहास की क्लास नहीं लगती थी, किताबें और नोट्स भी नहीं मिले

# बीए सेकंड ईयर के सप्लीमेंट्री रिजल्ट में 18 छात्राएं फेल



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मंडला के सरकारी महिला कॉलेज में बीए सेकंड ईयर के सप्लीमेंट्री रिजल्ट के बाद हंगामा खड़ा हो गया है। करीब 17-18 छात्राएं फेल हो गई हैं, जिनमें से 9 छात्राएं इतिहास विषय की हैं। कुछ छात्राओं को तो जीरो नंबर मिले हैं, जिससे कॉलेज की पढ़ाई और कॉपियां चेक करने के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। फेल हुई छात्राओं ने कॉपियों की जांच को गलत बताया है। उनका कहना है कि कॉलेज में इतिहास की क्लास ही नहीं लगती और न ही उन्हें पढ़ने के लिए जरूरी किताबें या नोट्स दिए गए। छात्राओं का आरोप है कि ठीक से पढ़ाई न होने की वजह से उनके नंबर ऐसे आए हैं और यह उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है।**

## कॉलेज के प्रिंसिपल की सफाई

कॉलेज के प्रिंसिपल शरदनारायण खरे का कहना है कि कॉलेज में सभी विषयों की पढ़ाई रेगुलर होती है। उन्होंने बताया कि इस साल करीब 250 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 91 की सप्लीमेंट्री आई थी। अब सप्लीमेंट्री परीक्षा में इतिहास की 9 छात्राओं समेत कुल 17-18 छात्राएं फेल हुई हैं। इनमें से केवल 3-4 छात्राएं ही ऐसी हैं जिन्हें जीरो नंबर मिले हैं।

## यूनिवर्सिटी भेजी जाएंगी शिकायतें

प्रिंसिपल ने साफ किया कि कॉपियां चेक करना और रिजल्ट निकालना यूनिवर्सिटी का काम है। जिन छात्राओं को अपने रिजल्ट पर शक है, उनके आवेदन ले लिए गए हैं। इन आवेदनों को यूनिवर्सिटी भेजा जा रहा है ताकि कॉपियों की दोबारा जांच हो सके। अगर जांच में कोई गलती मिलती है, तो उसे ठीक किया जाएगा। फिलहाल कॉलेज मैनेजमेंट ने इसकी जानकारी अफसरों को दे दी है और छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी है। अब देखना होगा कि यूनिवर्सिटी की जांच में क्या निकलकर आता है।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए तिलहन क्षेत्र के विस्तार पर जोर, उन्नत बीजों का वितरण शुरू



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले में फसलों के विविधीकरण और नवाचार के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए तिलहन क्षेत्र के विस्तार के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा जायद वर्ष 2025-26 के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य तिलहनी फसलों के रकबे में उल्लेखनीय वृद्धि करना है। उप संचालक कृषि अश्वनी झारिया ने बताया कि आगामी जायद सत्र के लिए विभाग ने महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इस योजना के तहत जिले में तिल का क्षेत्र विस्तार 1000 हेक्टेयर, मूंगफली का क्षेत्र विस्तार 500 हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है। वही कसानों को उच्च गुणवत्ता और बेहतर पैदावार सुनिश्चित करने के लिए तिल की उन्नत किस्म रामा और मूंगफली की जी.जी. 37 किस्म के बीजों का चयन किया गया है। इन बीजों का भंडारण जिले के सभी 9 विकासखंडों में करा दिया गया है। वर्तमान में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वैल्यू चेन पार्टनर के माध्यम से इन बीजों का वितरण किया जा रहा है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह बीज उन इच्छुक किसानों को वितरित किए जा रहे हैं जिनके पास सिंचाई के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं। श्री झारिया ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे इस नवाचार को अपनाएं और तिल एवं मूंगफली के उन्नत बीजों का उपयोग कर अपने खेतों में उत्पादन बढ़ाएं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके।

# घुघरी में जागरूकता सेमिनार आयोजित

**मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निदेर्शानुसार बुधवार को जनपद पंचायत घुघरी के सभाकक्ष में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 पर जन जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री सचिन जैन द्वारा की गई।






स्वामी,प्रकाशक, मुद्रक, मुकेश श्रीवास द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन जबलपुर 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं सिविल लाईन जवाहर वार्ड मंडला से प्रकाशित। प्रधान संपादक-मुकेश श्रीवास, सिविल लाईन, जवाहर वार्ड मंडला । मो. 9406771592, संपादक - प्रहलाद उइके
RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877 (समाचार पत्र के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार मंडला) Email:- revanchaltimes@gmail.com web-revanchaltimes.in